INS ACCREDITED
यूंनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक
# यूनिक समय
RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28



Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com



वर्ष-3 | अंक-359 | मथुरा, रविवार 22 फरवरी 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay


## सुबह जघांवली और विशंभरा की घेराबंदी, 13 थानों की फोर्स ने मिलकर की कार्रवाई

# पुलिस का साइबर ठगों के गढ़ में बड़ा प्रहार

### सोते लोग पुलिस बलों को देखकर रह गए भौचक्के

### पुलिस के हत्थे चढ़े 34 साइबर अपराधी, 45 घर छोड़कर भागे

### विशंभरा गांव में पांच घंटे चला सर्च ऑपरेशन, मचा हड़कंप



थाना शेरगढ़ क्षेत्र में साइबर ठगों को पकड़ने के लिए जा रहा पुलिस फोर्स।



पुलिस की गाड़ी में बैठे दिखाई दे रहे पकड़े साइबर ठग।



खेत की पगडंडी से जाती पुलिस।

### साइबर तकनीकी टीम की ट्रेसिंग से खुला राज

### खेतों और पगडंडियों से गांव में घुसी पुलिस

संवाददाता

**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देश पर पुलिस ने शेरगढ़ थाना क्षेत्र में साइबर अपराधियों के गढ़ में घुसकर प्रहार किया। पुलिस के सर्च ऑपरेशन के चलते गांवों में हड़कंप मच गया। पुलिस की भारी तादाद को देख साइबर अपराध से जुड़े अपराधियों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने छापा मारकर 34 अपराधियों को गिरफ्तार किया। 45 अपराधी पुलिस को देख कर भाग जाने में कामयाब हो गए। एसपीआरए सुरेशचंद रावत ने बताया कि साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए आज प्रातः करीब पांच बजे पुलिस ने एक बड़ा ऑपरेशन चलाया। पांच घटें चले सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने 34 साइबर अपराधियों के घरों पर छापे मार कार्रवाई करके गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस कार्रवाई को देख साइबर अपराध से जुड़े अपराधियों में हड़कंप मच गया। 45 साइबर अपराधी पुलिस से बचने के लिए अपने घरों से भाग गए। जानकारी के अनुसार पुलिस ने कार्रवाई उस समय की, जब अधिकांश लोग गहरी नींद में सो रहे थे। पुलिस की र्कावाई को देख कर ग्रामीण भयभीत दिखाई दे रहे थे। पुलिस ने गांव विशंभरा में छापे मारी करके 23 साइबर क्राइम करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार किया तो 28 अपराधी पुलिस के आने की भनक लगने पर घरों को छोड़ कर भाग गए। इसी तरह गांव जंघावली में पुलिस ने कार्रवाई करके 11 अपराधियों को दर दबोचा तो 17 साइबर अपराधी मौके से भाग निकलने में कामयाब हो गए। पुलिस ने ऐसे आठ अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है जो पहले साइबर अपराध करने के मामले में जेल जा चुके हैं। पुलिस ने पांच मोटरसाइकिल और एक कार भी बरामद की है। पुलिस बाकी लोगों से पूछताछ कर रही है। इसके साथ ही भागने वाले शातिरों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

### योजना से गांवों की घेराबंदी की

**यूनिक समय, मथुरा।** पुलिस की छापे मार टीम में 13 थाना प्रभारियों और उनके थानों के फोर्स के साथ सीओ स्तर के छह अधिकारियों और 240 सिपाही और मुख्य आरक्षियों ने भागीदारी की। पुलिस की टीम ने वाहनों से पहुंचकर गांवों की घेरा बंदी की। पुलिस की इस कार्रवाई से गांव के लोग अपने घरों में छिपे दिखाई दिए। ग्रामीणों में इस बात का डर था कि पुलिस कहीं उन्हें न गिरफ्तार करले, लेकिन पुलिस ने तो पहले से बनाई योजना के अनुरूप साइबर अपराधियों को चिन्हित कर छापे मारी की थी।

### साइबर टेक्निकल टीम की थी पैनी नजर

**यूनिक समय, मथुरा।** साइबर अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस की साइबर टेक्निकल टीम द्वारा प्रतिबिंब पोर्टल से साइबर अपराध में लिप्त मोबाइल नंबरो को ट्रेस किया गया। इसके बाद पुलिस ने बड़े पैमाने पर छापे मारी की। पुलिस ने साइबर अपराधियों से बरामद मोबाइल की जांच की जा रही है, जिससे पता लग सके कि किस मोबाइल से फ्रॉड किया गया है। जांच में पाया गया कि मोबाइलों से दो आईएमईआई प्रयोग की गई है। जो लोग पकड़े गए हैं उनके द्वारा विभिन्न प्रांतों में 18 फ्रॉड किए गए हैं। मोबाइलों की जांच जारी है। दूसरे प्रांतों में हुए साइबर फ्रॉडों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### गांव देवसेरस में पहले हो चुकी है कार्रवाई

**यूनिक समय, मथुरा।** पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर की गई इस कार्रवाई से पूर्व पुलिस थाना गोवर्धन के गांव देवसेरस सहित तीन गांवों में इस तरह की कार्रवाई कर चुकी है। इस बार भी पुलिस की कार्रवाई काफी गुप्त थी। पुलिस कर्मी गाड़ियों को छोड़ कर गांव में खेतो और पगदंडियों से होते हुए गांव पहुंचे और गांव को पूरी तरह से घेर लिया, जिससे कोई गांव के बाहर न जा सके। इसके बाद भी साइबर अपराधी पहले इन गांवों में हुई रेड की तरह पुलिस से बचकर भाग कर निकल गए।

## वीकेंड पर बांके बिहारी दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब

### श्रद्धालुओं को घंटों इंतजार के बाद दर्शन

### पुलिस ने संभाली व्यवस्था कमान

### अबीर—गुलाल से रंगा माहौल

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** रविवार को ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने के लिए आए श्रद्धालुओं की भीड़ से गलिया खचाखच भरी नजर आई। हालात यह थे कि श्रद्धालुओं को आगे बढ़ने के लिए काफी देर तक का इंतजार करना पड़ रहा था। श्रद्धालु जैसे तैसे आगे बढ़ते, वैसे ही उनके मुंह से ठाकुर बांके बिहारी महाराज का जयकारा सुनाई देता। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और निजी सुरक्षाकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। विद्यापीठ चौराहा से ठाकुर बांके बिहारी मंदिर तक श्रद्धालुओं की कतार दिखाई दे रही थी। इसी तरह से ठाकुर राधाबल्लभ लाल मंदिर, सेवाकुंज मंदिर, राधा दामोदर लाल मंदिर, राधा श्याम सुंदर मंदिर, निधिवन राज मंदिर, शाहजी मंदिर और राधा रमण लाल मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी। कई मंदिरों में उड़ रहे अबीर गुलाल से श्रद्धालु सराबोर नजर आए।



ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने के लिए आए श्रद्धालुओं की भीड़ का नजारा।

### पुलिस ने दो गैंगस्टर को किया गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** नौहझील पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के ममले में वांछित चल रहे अभियुक्त पुष्पेंद्र निवासी गांव चांदपुरकलां थाना नौहझील और आकाश निवासी गांव मकरंद गढ़ी को बरौठ के जलेबी तिराहे के निकट से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों गांव की भोली—भाली लड़कियों को अपने जाल में फंसा कर गैंग के सदस्यों द्वारा उनसे शारीरिक वासना की पूर्ति करना और जबरन सामूहिक दुराचार करने के बाद उनकी वीडियो बनाकर ब्लैक मेल करना और सोशल मीडिया पर वायरल करदेना इस गैंग की आम बात है। इनके खिलाफ कोई गवाही देने और रिपोर्ट कराने की हिम्मत नहीं कर सकता था। इसके कारण पुलिस ने इनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी।

## जल गुणवत्ता निगरानी रिपोर्ट में खुलासा

# यमुना जल की सेहत गंभीर



आगरा में ताजमहल के पास यमुना की एक तस्वीर। फोटो स्रोत– एआई

विशेष संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** यमुना की हालत कितनी खराब है। इसका अहसास वर्ष 2025 की जल गुणवत्ता निगरानी रिपोर्ट को देखकर हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार नदी का अधिकांश भाग 'डी' श्रेणी में वर्गीकृत है। इसका अर्थ है कि जल जलीय जीवन और मत्स्य पालन के लिए तो सीमित रूप से उपयुक्त है, लेकिन स्नान अथवा पेयजल स्रोत के रूप में सुरक्षित नहीं माना जा सकता। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों पर आधारित इस विश्लेषण में सामने आया है कि बाहरी रूप से पानी अपेक्षाकृत साफ दिखाई देने के बावजूद यमुना में कार्बनिक प्रदूषण और सीवेज का दबाव बना हुआ है। नोएडा से फिरोजाबाद तक चिन्हित मॉनिटरिंग स्थलों में स्थिति स्थिर तो है, लेकिन संतोषजनक नहीं कही जा सकती। मथुरा और आगरा जैसे धार्मिक व पर्यटन स्थलों के आसपास जल की सतही गुणवत्ता बेहतर प्रतीत होती है, किंतु सूक्ष्म जैविक प्रदूषण के संकेत विशेषज्ञों को चिंतित कर रहे हैं।

### 'डी' श्रेणी में यमुना, बढ़ता प्रदूषण बना खतरा

### सीवेज और फैक्ट्रियों का गंदा पानी बिगाड़ रहा हालात

### सफाई योजनाओं पर सवाल, जमीनी असर सीमित

पर्यावरणविदों की मानें तो जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग और बैक्टीरिया की अधिकता यह दर्शाती है कि प्रदूषण के स्रोत पूरी तरह नियंत्रित नहीं हुए हैं। मथुरा और आगरा जैसे आस्था केंद्रों के लिए यह संकेत चेतावनी समान हैं। यदि समय रहते प्रभावी और स्थायी कदम नहीं उठाए गए, तो इसका प्रभाव पर्यावरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर गहरा पड़ सकता है। मानसून में बढ़े प्राकृतिक प्रवाह से यमुना में ऑक्सीजन स्तर सुधरता है, लेकिन शुष्क मौसम में प्रदूषण का असर स्पष्ट हो जाता है। खासकर शहरी डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में संचयी प्रदूषण बना रहता है। इससे स्पष्ट है कि स्थायी सुधार के लिए निरंतर उपचार और सख्त निगरानी आवश्यक है।

### प्रदूषण के पीछे चार प्रमुख कारण

**यूनिक समय मथुरा।** यमुना की जल गुणवत्ता रिपोर्ट में प्रदूषण के पीछे चार प्रमुख कारण सामने आए हैं। सबसे बड़ा कारण अनुपचारित या आंशिक रूप से उपचारित शहरी सीवेज का सीधे नदी में मिलना बताया गया है। इसके अलावा औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला अपशिष्ट जल भी नदी की सेहत पर गंभीर असर डाल रहा है। शहरी क्षेत्रों से बहकर आने वाला कचरा और ठोस अपशिष्ट प्रदूषण को और बढ़ा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार निगरानी तंत्र और प्रवर्तन की सीमित प्रभावशीलता के कारण योजनाओं का अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पा रहा, जिससे यमुना पर दबाव लगातार बना हुआ है।

## डीएम सीपी सिंह की एक अच्छी पहल

# मथुरा से वृंदावन तक ड्रोन से यमुना की निगरानी होगी

**यूनिक समय, मथुरा।** यमुना शुद्धिकरण को लेकर जिलाधिकारी सीपी सिंह ने अभिनव पहल करते हुए निर्देश दिए। कहा कि मथुरा से वृंदावन तक ड्रोन से वीडियो फोटोग्राफी कराई जाए ताकि यमुना में गिर रहे एक–एक नाले की पहचान कर उन्हें टैप किया जा सके। साथ ही नगर निगम और विकास प्राधिकरण को संयुक्त रूप से शहर के स्थायी अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने के आदेश दिए गए।

### एक–एक नाले की पहचान कर टैप कराया जाएगा

## सफाई योजनाओं की हकीकत

**यूनिक समय, मथुरा।** यमुना की सफाई के लिए यमुना एक्शन प्लान सहित विभिन्न योजनाओं के तहत अनेक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किए गए हैं। कागजों पर क्षमता बढ़ने और अवसंरचना निर्माण के दावे किए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर संचालन की प्रभावशीलता को लेकर प्रश्न लगातार उठ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कई संयंत्र पूर्ण क्षमता से संचालित नहीं हो पा रहे, जिससे आंशिक रूप से उपचारित जल नदी में मिल रहा है औद्योगिक इकाइयों पर निगरानी और सख्त प्रवर्तन की आवश्यकता लगातार महसूस की जा रही है। स्थानीय स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग और पारदर्शिता के अभाव में योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। यमुना जल गुणवत्ता 2025 रिपोर्ट को लेकर संबंधित अधिकारियों से प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया। मथुरा के क्षेत्रीय अधिकारी पंकज यादव ने कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी। फिरोजाबाद, आगरा और नोएडा के संबंधित अधिकारियों को फोन किए किंतु संपर्क न हो सका।

## तापमान / मौसम

28 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

15 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

## सोना-चांदी भाव

**सोना**

24 कैरेट 1,57,000
22 कैरेट 1,44,440
(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**

2,53,000 प्रति किलो

## आपातकालीन सेवाएं

112 -आपातकालीन सेवा
1962 - रेलवे हेल्पलाइन
100 - पुलिस
108 - एंबुलेंस (स्वास्थ्य सेवा)
102 - एंबुलेंस (मातृ एवं शिशु सेवा)
101 - अग्निशमन (फायर ब्रिगेड)
1090 - महिला हेल्पलाइन
1091 - महिला पुलिस सहायता
1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन
104 - स्वास्थ्य सलाह सेवा
1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
1033 - राष्ट्रीय राजमार्ग आपात सेवा
1073 - सड़क दुर्घटना आपात सहायता

## बिजली शिकायत

1912- (बिजली कटौती, फॉल्ट, लो वोल्टेज, बिल से जुड़ी शिकायतें)
वाट्सऐप: 8010957826

## नगर निगम

1533 - नगर निगम संपूर्ण शिकायत हेल्पलाइन
14420 — सीवर सफाई के लिए
18003094747- टोल–फ्री हेल्पलाइन (कॉमन सिटी शिकायत)
0565-2503632 - नगर निगम कार्यालय फोन (नियमित शिकायत)

# रंगभरनी एकादशी पर रहेगी वृंदावन में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन में रंगभरनी एकादशी पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन और पुलिस ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए है। पूरे वृंदावन क्षेत्र को जोन और सेक्टरों में बांट कर सुरक्षकर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही ट्रैफिक का प्लान भी बनाया गया है। किसी भी श्रद्धालु के साथ अभद्रता करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कर्मियों के अलावा परिक्रमा मार्ग पर और मंदिरों पर एंटी रोमियो टीम को तैनात किया गया है। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि वृंदावन में 27 फरवरी को होने वाले रंगभरनी एकादशी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन करने और परिक्रमा करने के लिए आते हैं। इस आयोजन पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए वृंदावन के मंदिरों और परिक्रमा मार्ग को जोन और सेक्टरों में बांट कर सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात किया जाएगा। यही नहीं महिला पर जबरन होली का रंग डालने वालों और छेड़ छाड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ट्रैफिक प्लान भी बनाया गया है कि कहां–कहां से नो एंट्री रहेगी। इसके साथ ही कहां वाहनों की पार्किंग होगी। इसके लिए पूरी व्यवस्था की गई है। बाहर से भी फोर्स मांगा गया है। पुलिस होटल वालों से भी समन्वय स्थापित करके बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किस तरह की सुविधा दी जाएगी इस बारे में बातचीत कर रहे है। उन्हेंने बताया होली खेलने के नाम पर किसी भी श्रद्धालु से जबरदस्ती होली नहीं खेलने दी जाएगी। अगर कोई ऐसा करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ पूर्व के वर्षों में इस तरह के प्रयास करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है। इसके साथ ही उनके फोटो भी सोशल मीडिया पर लोड किए जा रहे हैं। मेले में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को अगर कोई परेशानी होती है तो वह मेले में तैनात पुलिस कर्मी को बता सकता है। पुलिस की एंटी रोमियो टीम मंदिरों और परिक्रमा मार्ग पर तैनात की जाएगी। मेले में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। श्रद्धालु आराम के साथ मंदिरों में दर्शन कर सकेंगे।

### श्रद्धालुओं से जबरन होली खेलने वालों पर होगी कार्रवाई

पढ़िए वो
जो पढ़ना चाहिए
यूनिक समय
www.uniquesamay.com

## गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन पुलिस ने रेलवे स्टेशन के लिए जाने वाली कच्ची पटरी के समीप से पुलिस ने अभियुक्त राहुल निवासी गोपीनाथ बाजार ब्रह्मकुंड मौहल्ला रंगजी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है।

## रंगभरनी एकादशी पर वृन्दावन में उमड़ेगा आस्था का सागर

# लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** रंगभरनी एकादशी पर लाखों श्रद्धालुओं के वृन्दावन पहुंचने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में रविवार को लक्ष्मण शहीद स्मारक भवन के सभागार में जिलाधिकारी सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन और परिक्रमा की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराना रहा।



रविवार को लक्ष्मण शहीद स्मारक भवन के सभागार में होली की तैयारियों की बैठक लेते डीएम सीपी सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार।

अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं पहले से ही दुरुस्त कर ली जाएं। डीएम सीपी सिंह ने कहा कि रंगभरनी एकादशी वृन्दावन का प्रमुख धार्मिक पर्व है, जिसमें देश–विदेश से श्रद्धालु बड़ी संख्या में आते हैं। ऐसे में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए व्यवस्थाओं को समय रहते पूरा करें। गौरतलब है कि रंगभरनी एकादशी से ही वृन्दावन में होली उत्सव की शुरुआत मानी जाती है। इस दिन ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में भगवान को गुलाल अर्पित किया जाता है। रंगभरनी एकादशी पर विशेष रूप से ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में खेले जाने वाले रंग–गुलाल को लेकर भी गंभीर चर्चा की गई। अधिकारियों ने मंदिर प्रशासन और सेवायतों को निर्देशित किया कि गुलाल के कारण किसी प्रकार की सफोकेशन अर्थात घुटन की स्थिति न बने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। बैठक में परिक्रमा मार्ग को गड्ढा मुक्त बनाने, साफ–सफाई सुनिश्चित करने, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति की निर्बाध व्यवस्था और यातायात प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, विद्युत और विप्रा के अधिकारियों के साथ मंदिरों के सेवायत भी बैठक में उपस्थित थे।

## जिले में कृमि मुक्ति अभियान ढीला

# बच्चों को दवा पिलाने में दिखी लापरवाही

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस और मॉप–अप दिवस के तहत फरवरी माह में बच्चों को एल्बेंडाजॉल दवा पिलाने का अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य विभाग ने पहले से ही शहर और गांव के सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और निजी विद्यालयों को लिखित सूचना के माध्यम से जानकारी दी गई थी। अभिभावकों को भी जागरूक करने के निर्देश दिए गए थे, ताकि कोई बच्चा दवा से वंचित न रहे। कई प्राथमिक और निजी विद्यालयों में बच्चों को दवा पिलाने की गति धीमी रही। कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी उपस्थिति कम रही। इससे तय लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है। ये किस की लापरवाही समझे। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार यह दवा बच्चों को पेट के कीड़ों से बचाने के लिए दी जाती है। कीड़े होने पर कमजोरी, पेट दर्द, खून की कमी और पढ़ाई में ध्यान न लगने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सरकार हर साल यह अभियान इसलिए चलाती है, ताकि बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर रहे। सूत्रों के मुताबिक कई जगहों पर शिक्षकों और कार्यकर्ताओं ने अभिभावकों को सही जानकारी नहीं दी। कुछ स्थानों पर बच्चों की संख्या और दवा लेने वालों की संख्या में अंतर पाया गया। सबंधित अधिकारी ने बताया कि सभी विभागों को पहले ही निर्देश दे दिए गए थे। ब्लॉक स्तर पर भी लोगों को जागरूक किया गया था। इसके बाद भी कम रुचि दिखना चिंता की बात है। छूटे हुए बच्चों को मॉप–अप दिवस पर दवा दी गई थी लेकिन दवा बच्चों तक नहीं पहुंच पाई।

### स्कूल और आंगनबाड़ी स्तर पर कम भागीदारी

## बीते चौबीस घंटों में हुई तीन सड़क दुर्घटनाएं

# एक महिला सहित तीन लोगों की हुई मौत

**कार्यालय संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** बीते चौबीस घंटे के अतंराल में जिले में हुई अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में जयगुरूदेव के समीप हाईवे पर एक महिला, राया रोड पर एक ग्रामीण और मांट में एक मजदूर की मौत हो गई। शहर कोतवाली की कृष्णा बिहार कॉलोनी में रहने वाली लाजवंती खत्री पत्नी स्व. मथुरा प्रसाद खत्री अपने बेटे चेतन खत्री के साथ नवादा स्थित निरंकारी भवन में किसी शोक कार्यक्रम में गई थी। बताया गया कि वहां से कल सायं बेटे की स्कूटी पर बैठकर लौट रही थी। हाईवे पर जयगुरूदेव के समीप तेज गति से आते किसी बाइक सवार ने स्कूटी को




जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भंयकर थी कि महिला सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गई। बेटे को भी चोट आई। गंभीर रुप से घायल लाजवंती खत्री को एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची

दूसरी दुर्घटना थाना यमुनापार के गांव

### दुर्घटना में तीन लोग भी हुए घायल

दीवाना कलां के समीप हुई। बताया गया कि दीवाना कलां निवासी त्रिलोक सिंह कल सायं राया–मथुरा रोड पर सड़क क्रास करने के बाद गांव के लिए जा रहा था। इस बीच तेज गति से आते किसी चौपहिया वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन को भगा ले गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए त्रिलोकी की बाद में मौत हो गई। दुर्घटना में घायल बाइक सवार भी वहां से चले गए। दुर्घटना का पता लगने पर मौके पर यमुनापार पुलिस पहुंची। तीसरी दुर्घटना मांट के ग्राम डांगोली के समीप हुई, जहां एक मजदूर को किसी वाहन ने रौंद दिया।

बताया गया कि डांगोली निवासी युवक छिद्दी पुत्र श्यामलाल मजदूरी करता था। वह कल सायं को वृंदावन में मजदूरी करने के बाद गांव के लिए लौट रहा था। रास्ते में महादेव मंदिर के समीप किसी तेज गति से आते वाहन ने उसे रौंद दिया। दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मजदूर की मौत की खबर लगने पर उसके परिवार में हाहाकार मच गया।




## मानदेय बढ़ाने पर शिक्षा मित्र हुए खुश, मुख्यमंत्री का जताया आभार




मानदेय बढ़ाने पर शिक्षा मित्र जश्न मनाते हुए।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के बैनर तले जिले के शिक्षा मित्रों ने राधा नगर पार्क में एकत्रित होकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर सरकार द्वारा शिक्षा मित्रों का मानदेय बढ़ाये जाने पर खुशी का इजहार किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रदेश की भाजपा सरकार का आभार जताया। संघ के जिला अध्यक्ष खेमसिंह चौधरी ने बताया कि संगठन वर्षो से मानदेय बढ़ाये जाने की मांग सरकार से करता आ रहा था। बड़े लंबे संघर्ष के बाद सरकार द्वारा शिक्षा मित्रों के मानदेय में बढ़ोतरी किया जाना खुशी की बात है। इस मौके पर शिक्षा मित्र सुमनलता, जगराज गुर्जर, धीरज चौधरी, डालचंद सेन, हेमंत शर्मा, इंद्रराज, भरत लाल शर्मा, मंजू राजपूत, सुमनलता शर्मा, लता शर्मा, पूनम अग्रवाल, शशि शर्मा, योगेन्द्र सिंह एवं गुंजन शर्मा आदि उपस्थित थे।

## सांसद ने पशु प्रजनन नियंत्रण केंद्र एवं श्वान गृह का निरीक्षण किया



पशु प्रजनन नियंत्रण केंद्र एवं श्वान गृह का निरीक्षण करती सांसद हेमामालिनी नगर आयुक्त जगप्रवेश से जानकारी लेती हुई।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** सांसद श्रीमती हेमा मालनी ने नगर आयुक्त जग प्रवेश के साथ सिविल लाइन स्थित पशु प्रजनन नियंत्रण केंद्र एवं श्वान गृह का निरीक्षण किया। सांसद ने केंद्र में संचालित सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

उन्होंने श्वानों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, नसबंदी के बाद श्वानों को कितने दिनों तक केंद्र में रखा जाता है। स्वस्थ होने के पश्चात उन्हें किस प्रक्रिया के अंतर्गत छोड़ा जाता है। श्वानों को पकड़ने की विधि, दवाइयों एवं वैक्सीनेशन की प्रक्रिया सहित संपूर्ण कार्यप्रणाली को समझा। सांसद ने केंद्र परिसर की साफ–सफाई, रख–रखाव एवं श्वानों की देखभाल व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने वेटरनरी स्टाफ से संवाद कर नसबंदी, उपचार एवं टीकाकरण से संबंधित तकनीकी जानकारियां भी प्राप्त कीं। निरीक्षण में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, वेरटनरी कॉलेज के डीन डॉ. विकास पाठक, प्रो. डॉ. संजय पुरोहित, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. आर.सी. पांडे, एबीसी सेंटर के लिपिकै भगवान सिंह तथा वैक्सीनेशन टीम उपस्थित थी।

## डीएम–एसएसपी की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनी



तहसील गोवर्धन परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार फरियादी की समस्या सुनते हुए।

**यूनिक समय, गोवर्धन।** तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। तहसीलदार सुशील गुप्ता के अनुसार तहसील में 23 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है।

## दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता कल से

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के बैनर तले कल दोपहर दो बजे से केआर डिग्री कॉलेज के खेल मैदान पर प्रथम राज्य स्तरीय इंडोर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का चयन ट्रायल होगा। प्रथम उत्तर प्रदेश इंडोर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 27 से 28 फरवरी तक अयोध्या में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता पुरुष और महिला वर्ग के अलावा अंडर 20 बालक और बालिका वर्ग में आयोजित की जायेगी पुरुष और महिला वर्ग में 60 मीटर 400 मीटर 800 मीटर 1500 मीटर ,3000 मीटर दौड़, 60 मीटर बाधा रेस ,हाई जंप ,लॉन्ग जंप, ट्रिपल जंप, शॉट पुट और पोल वाल्ट अंडर 20 आयु वर्ग में ट्रिपल जंप और पोल वाल्ट को छोड़ कर उपरोक्त सभी इवेंट कराए जाएंगे अंडर 20 आयु वर्ग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का जन्म 25 मार्च 06 से 24 मार्च 08 के मध्य होना चाहिए।

## बंद मकान से चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** सदरबाजार पुलिस ने कैंट एरिया के एक बंद मकान में चोरी करने वाले युवक को गिरफ्तार कर उससे चोरी का सामान बरामद किया है। थाना सदर बाजार के कैंट क्षेत्र में स्थित एक कॉलोनी के बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर 19 फरवरी को चोर वहां रखे जेवरात दो सोने की अंगूठी, एक मंगलसूत्र, बच्चे के हाथपैर के चार कड़े आदि सामान चुरा ले गए थे। इस मामले में थाना सदर बाजार में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने इस मामले में सूरज उर्फ भूरा निवासी जहरखाना मौहल्ला थाना सदर बाजार को

### चांदी के कड़े व नकदी हुई बरामद

गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि उसने सोने के जेवरात बंगाली घाट पर एक पर्यटक को बेच दिया। इसके साथ ही चांदी के सामान को बेचने का प्रयास किया तो वे बिक नहीं पाया। इसके चलते उसने चांदी का सामान और जेवरात को बिक्री कर मिले रुपयों को प्रताप बाटिका रेजीमेंटल बाजार में छिपा दिए। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चांदी के कड़े और रुपये बरामद कर लिए।

## चौथे विशेष अभियान दिवस पर मतदाता सूची सुधार के लिए मेगा कैंप लगाया

**यूनिक समय, मथुरा।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत दावा और आपत्तियों की अवधि में जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। अभियान में अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए किया गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने मथुरा–वृंदावन नगर निगम के वृंदावन जोनल कार्यालय में आयोजित मेगा कैंप का निरीक्षण कर बूथ लेवल अधिकारियों और सुपरवाइजरों से फार्म–6, फार्म–7 और फार्म–8 के बारे में जानकारी ली। साथ ही दावा और आपत्तियों की प्रक्रिया तथा नोटिस पर की जा रही सुनवाई की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों की उपस्थिति में विशेष अभियान दिवस और मेगा कैंप आयोजित किए गए। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 0565–1950 पर संपर्क किया जा सकता है।



## स्टेशन पर होली पर आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ने लगी भीड़

# मथुरा आने वाली ट्रेनों में रिजर्वेशन हो रहा है फुल

**यूनिक समय, मथुरा।** बृज में होने वाली विश्व प्रसिद्ध होली और वृंदावन में होने वाली रंगभरनी एकादशी के मेले में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ मथुरा जंक्शन पर बढ़ने लगी है। मथुरा के लिए आने वाली अधिकांश ट्रेने फुल हो गई हैं।



मथुरा जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर श्रद्धालुओं की भीड़ा का नजारा।

मथुरा में होली कार्यक्रमों की धूम मच रही है। बरसाने की विश्व प्रसिद होली के साथ–साथ श्री कृष्ण जन्मस्थान और वृंदावन के मंदिरों में होने वाले होली के कार्यक्रमों को देखने के लिए हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु मथुरा आते हैं। यात्रियों का आना शुरू होने का कारण मथुरा

### हर साल लाखों की संख्या में मथुरा आते हैं श्रद्धालु

जंक्शन रलेवे स्टेशन पर ट्रेन से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। प्लेटफॉर्म और वेटिंग हाल सहित अन्य स्थानों पर श्रद्धालु अपने परिवारों के साथ विश्राम कर रहे हैं। इसके साथ ही मथुरा आने वाली अधिकांश ट्रेनों में रिजर्वेशन कोटा फुल चल रहा है।

## वैश्य समाज को राजनीतिक अधिकारों से मिलेगी नई पहचान: सुमंत गुप्ता




अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमंत गुप्ता का स्वागत करते परिषद के पदाधिकारी।

संवाददाता

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** वैश्य समाज की एकता, अधिकारों की रक्षा एवं सामाजिक उत्थान को लेकर अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद का आगरा के कागारौल में 15 मार्च को अधिवेशन होगा। राया में हुई बैठक में वैश्य एकता परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ प्रादेशिक एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी, बड़ी संख्या में वैश्य बंधु उपस्थित हुए। इस दौरान 15 मार्च को कागारोल आगरा में प्रस्तावित राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमन्त गुप्ता ने कहा कि वैश्य वर्ग के हो रहे शोषण के विरुद्ध एकजुट संघर्ष, समाज की आवाज को मजबूती देने तथा गरीब एवं

### आगरा में होगा 15 मार्च को अधिवेशन

पिछड़े वैश्य परिवार के उत्थान के लिए यह अधिवेशन समाज को संगठित करने के लिए पहल सिद्ध होगा। बैठक में एकता परिषद के प्रधान महासचिव अमित वार्ष्णेय, हरिओम अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, कृष्णकान्त अग्रवाल, पवन अग्रवाल, श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल, बंदना अग्रवाल, रुक्मणि देवी, उत्तम चंद अग्रवाल, राजेश गोयल, मुकेश अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, संजू अग्रवाल, राजेश अग्रवाल तथा विजय गोयल आदि मौजूद थे।

## अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा ने किया महाराजा अग्रसेन जी का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा रजि. मथुरा द्वारा अग्रसेन चौक, मसानी स्थित प्रातः स्मरणीय महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मन्तोष कुमार अग्रवाल एवं श्रीमती नीलम अग्रवाल ने की। इस अवसर पर सभा के पदाधिकारियों एवं गणमान्य सदस्यों ने महाराजा अग्रसेन जी को तिलक लगाकर पुष्पमाला अर्पित की तथा श्रद्धापूर्वक आरती उतारी। साथ ही विधिवत भोग अर्पित कर समाज की सुख–समृद्धि एवं एकता की कामना की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, उत्साह और भक्ति का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मंत्री योगेंद्र अग्रवाल, जिला महामंत्री मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष विशन अग्रवाल, श्याम



महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करते समाज के लोग।

गर्ग, श्रीमती रचना अग्रवाल, श्रीमती ममता मोदी, श्रीमती रश्मि एवं श्रीमती पारुल अग्रवाल सहित अनेक समाजसेवी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## स्मैक रखने पर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन पुलिस ने चेकिंग के दौरान जगन्नाथपुरी आश्रम के पिछले हिस्से के निकट से जुगल निवासी कुम्हार गली किशोरपुरा वृंदावन को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इसके कब्जे से 5,62 ग्राम नशीला पाउडर स्मैक बरामद की है।




## कदंब विहार कॉलोनी में हिन्दू सम्मेलन

# परिवार और समाज में एकता का आह्वान



कंदब विहार कॉलोनी में आयोजित हिंदू सम्मेलन के मंच पर गुरुकार्ष्णि विश्वचैतन्य महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सह संपर्क प्रमुख प्रदीप अग्रवाल आदि।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** कदंब विहार कॉलोनी स्थित दयानंद पार्क में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में मुख्य अतिथि श्री गुरुकार्ष्णि रमणरेती आश्रम के गुरुकार्ष्णि विश्वचैतन्य महाराज ने कहा है कि यदि मानव जीवन मिला है तो सभी से प्रेम करो। किसी से कोई भेद मत करो। संकल्प लो कि जो हो गया सो हो गया। उन्होंने परिवार एकता और समाज एकता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सह संपर्क प्रमुख प्रदीप अग्रवाल ने कहा है आरएसएस पर कई बार प्रतिबंध लगाया गया है। हर बार संघ पहले से और मजबूत होकर उभरा हैं। उन्होंने संघ पंच परिवर्तन और संघ की सौ वर्ष की यात्रा पर और हिंदू सम्मेलन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मीरा चौधरी एवं डॉ अलका लांबा ने महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। सम्मेलन में आरबीएस मॉडर्न स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। अध्यक्षता राधेश्याम गुप्ता ने की। संचालन विपिन शर्मा ने किया। इस अवसर पर समिति सचिव सतीश शर्मा, ब्रजमोहन अग्रवाल, कैलाश चंद अग्रवाल, मुकेश शर्मा, हरिओम गुप्ता, एडवोकेट विजेंद्र वैदिक, गिरधारी, नीलम खंडेलवाल, ललिता शर्मा, प्रभा अग्रवाल, बच्चू सिंह, रमेश गौतम, सुमित वर्मा, भगत सिंह पटेल, पीताम्बर महाराज, चंद्रभान, विक्रम सिंह आदि उपस्थित थे।

## भगवान व भक्तों की सेवा में निमग्न रहीं वीणा भटनागर

**यूनिक समय, वृन्दावन।** श्रीहरिदासपीठ मंदिर में हुई श्रद्धांजलि सभा में श्रीहरिदासबिहारी फाउंडेशन भारत ट्रस्ट की संरक्षिका स्व. श्रीमती वीणा भटनागर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दो मिनट का मौन धारण कर ठाकुर बांकेबिहारी महाराज से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई।

अध्यक्षता ट्रस्ट संस्थापक इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी ने की। कहा कि स्व. वीणा भटनागर की सेवा संलग्नता ह्रदयस्पर्शी एवं अत्यधिक व्यापक थी। श्रद्धांजलि सभा में आशुकवि आचार्य प्रेमबल्लभ गोस्वामी महाराज, अंतरराष्ट्रीय सेवायत परिषद् के महासचिव मुकेश पुरोहित, विजयलक्ष्मी गोस्वामी, निवेदिता, प्रवर्तिका, लक्ष्मण सिंह तथा कान्हा सिंह आदि मौजूद थे। संचालन आचार्य विप्रांश बल्लभ गोस्वामी ने किया।

# जिले में अतिक्रमण से सिमटती जा रहीं सड़कें

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर हो या कस्बा अथवा गांव। हर क्षेत्र में सड़क सिमटती जा रही है। इन लाइनों को पढ़कर चौकिंग नहीं। हकीकत में ऐसा हर जगह दिखाई दे रहा है, लेकिन सच्चाई को उठाने वाला कोई नहीं है। सड़क बनाने के लिए सरकारी कार्यालयों में टेंडर उठते हैं, लेकिन आम लोगों को यह पता नहीं होता कि टेंडर में कितनी चौड़ी और लंबी सड़क का काम दिया गया है। ठेकेदार ने जितना बना दिया, उस पर अधिकारी ने भी मुहर लगा दी। फिर भुगतान भी हो गया। सवाल यह उठता है कि सड़क बनाते समय ठेकेदार इस बात को कहीं उल्लेख क्यों नहीं करता है कि सड़क

### ठेकेदार ने जितना बना दिया, उस पर अधिकारी ने भी मुहर लगा दी

की लंबाई और चौड़ाई क्या है। इस पर कितनी लागत आई है। हालांकि ऐसे बोर्ड लगाने के सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं, लेकिन कोई भी ठेकेदार सरकार के आदेश को मानने को तैयार नहीं है। उसे मालूम है कि यदि काम का बोर्ड लगाया तो आम जनता के सामने हकीकत आ जाएगी। फिर थोड़ी लापरवाही पर शिकायत होगी। मामला फंसेगा तो भुगतान रूकेगा। वैसे ही कमीशनबाजी के चक्कर में बहुत लेन देन हो जाता है। उसे कोई नहीं देखता। अभी हाल ही में सिमटती सड़क का मामला राजस्थान हाईकोर्ट तक पहुंच गया। हाईकोर्ट ने सख्त दिखाई दिया तो असलियत सामने आई कि जयपुर के न्यू सांगानेर रोड पर सोडाला से गुर्जर की थड़ी तक सड़क कहीं 100 फीट तो कई जगह 60 फीट भी नहीं मिली। इसकी मुख्य वजह अतिक्रमण निकला।

इस मामले को लेकर दायर जनहित याचिका पर राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस रवि चिरानियां की खंडपीठ ने मुख्य सचिव, प्रमुख यूडीएच सचिव, नगर निगम आयुक्त जयपुर, जेडीए सचिव और पुलिस आयुक्त से जवाब तलब किया है। याचिका सुरेश चन्द रावत व अन्य की ओर से दायर की गई है। मास्टर प्लान में 100 फीट चौड़ी सड़क का प्रावधान होने के बावजूद जमीनी स्तर पर हालात अलग हैं। यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाए गए तो इस मार्ग पर यातायात दबाव और बढ़ सकता है।

इसी तरह से यदि नगर निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी पुरानी फाइलों को खंगाले तो मथुरा जिले में सड़क की चौड़ाई सामने आ जाएगी। जिले में लोगों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठान और आवासों को काफी आगे बढ़ा लिया है। कई जगह तो पुरानी सड़क को खोदा नहीं गया और उसी पर सीमेंट वाली ईंटों की खरंजा बना दिया। इस कारण सड़क काफी उंची सी हो गई।

## सूचना

श्रीमती लक्ष्मी देवी जयसवाल पत्नी श्री अरुन कुमार जयसवाल नि०–357/2 बिलस रोड 17 हावड़ा–1 कलकता (पं.बं.) की है। पार्थिया ने प्लाट/जमीन भौजा महोली अन्दरून शारदापुरी कालोनी प्लाट नं 108 का सम्पूर्ण भाग क्षेत्रफल 83.61 वर्गमीटर बराबर 100 वर्गगज को लक्ष्मी नरारायण सारस्वत पुत्र श्री कुन्जी लाल सारस्वत नि० पवेसरा पो. मुडेरा तह० मांट जिला मथुरा से खरीदा था। प्लाट खसरा नं 161 बी/1 का भाग में स्थित है जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 24.01.2007 को वही सं० 1 जिल्द सं० 4108 पृष्ट सं० 149 में अंकित है, जो कि वास्तव में खो गई है। जिसका प्रयोग अवैध होगा।

## रमजान व होली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग सख्त

# सात नमूने भरे, दूषित मावा किया नष्ट



दूषित खोआ को नष्ट करती टीम के सदस्य।

**मुख्य संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** होली और रमजान को देखते हुए जनपद में खाद्य पदार्थों की शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष चेकिंग अभियान शुरू हो गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोहर सिंह कुशवाह ने गोवर्धन तहसील क्षेत्र में मिठाई की दुकानों पर छापेमारी कर सोन पापड़ी और मिल्क केक के नमूने लिए। वहीं महावन तहसील के अंतर्गत छौली गांव स्थित खोया निर्माण इकाइयों का निरीक्षण खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार और रीना शर्मा ने किया। निरीक्षण के दौरान चार खोया निर्माण की इकाइयों से खोये के एक-एक नमूने संग्रहित किए गए। साथ ही दो इकाइयों में अस्वच्छ परिस्थितियों में रखा गया लगभग एक क्विंटल दूषित खोया नष्ट कराया गया और संबंधित संचालकों को सुधार नोटिस जारी किए गए। इसके अतिरिक्त राया कस्बे की एक दूध डेयरी से पनीर का नमूना लिया गया। डेयरी परिसर में गंदगी पाए जाने पर संचालक को सुधार नोटिस जारी किया गया। अभियान के दौरान कुल सात नमूने एकत्र कर जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत, दो अन्य युवक घायल

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना छाता कोतवाली के गांव रनवारी के पेट्रोल पंप के समीप दो बाइक आपस में तेज आवाज के साथ भिड़ गई। दुर्घटना में घायल युवक की हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरे बाइक सवार दोनों भाई भी बुरी तरह से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि थाना बरसाना के गांव सहार निवासी जितेंद्र अपनी प्लेटिना बाइक से शनिवार की सायं जा रहा था। थाना छाता के समीप उसकी बाइक तेज रफ्तार से आती दूसरी बाइक से टकरा गई। दोनों बाइकों की भिड़ंत में जितेंद्र और दूसरी बाइक पर सवार कृष्णा और उसका भाई अजय निवासी गांव डिरावली बुरी तरह से घायल हो गए। तीनों घायलों को पुलिस ने केडी मेडिकल ले जाया गया। अस्पताल में जितेंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

उठावनी



स्व. श्री राकेश कुमार गर्ग

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र श्री राकेश कुमार गर्ग पुत्र स्व. श्री कृष्ण मुरारीलाल गर्ग (मँाट वाले) का गोलोकवास दिनांक 21.02.2026 शनिवार को हो गया है। उठावनी महिला एवं पुरुषों की दिनांक 23.02.2026 सोमवार को सायं 3 से 4 बजे तक स्थानः क्लब हाउस श्री राधापुरम एस्टेट, मथुरा पर होगी।

शोकाकुल

श्रीमती देवी (माताजी)
श्रीमती राजरानी गर्ग (पत्नी)
सौरभ-मीनू गर्ग (पुत्र-पुत्रवधु)
पूजा-अंकुर (पुत्री-दामाद)
रमाकांत-सरला गर्ग
राजकुमार-साधना गर्ग
हरीश-मधु गर्ग, अजय-नीतू गर्ग
(भाई-भाभी)
एवं समस्त गर्ग परिवार।

## छात्राओं ने सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया



ब्लैक स्टोन गर्ल्स इंटर कॉलेज में लगाए शिविर के दौरान छात्राएं।

**संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ब्लैक स्टोन गर्ल्स इंटर कॉलेज में किया गया। महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई के साथ विभिन्न जिम्मेदारियों के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया। द्वितीय सत्र में मतदाता रजिस्ट्रेशन एवं मतदाता जागरूकता विषय पर चर्चा करते हुए शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कैंप के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं। शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक एवं डॉ नवीन अग्रवाल के नेतृत्व में किया।

## स्पोर्ट्स मीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्रा सम्मानित



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि।

**यूनिक समय, वृंदावन।** आईओपी वृन्दावन और बन महाराज कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में स्पोर्ट्स मीट एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का समापन हो गया।

मुख्य अतिथि आईओपी कॉलेज के सचिव नामदेव शर्मा ने स्वामी भक्ति हृदय बन महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। शैक्षणिक वर्ष में खेलकूद, अकादमिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि ने मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने मीराबाई नृत्य नाटिका, गरबा, राजस्थानी, डांडिया नृत्य, वटरफ्लाई, भांगड़ा, हरियाणवी, शास्त्रीय नृत्य एवं फिल्मी गानों पर रंगारंग प्रस्तुति दी। प्राचार्य प्रो पी. के. सारस्वत ने सभी प्रतिभगियो को सफल आयोजन की बधाई दी। इस अवसर पर प्रो. सरला शर्मा, प्रो. अनंत कुमार यादव, प्रो. योगेंद्र पाल सिंह सोलंकी, प्रो. संजय सिंह, प्रो. दीपिका वर्मा, डॉ. केएल अग्रवाल, डॉ. बीके शर्मा, डॉ. विवेक शर्मा, सुनीत शुक्ला, हेमेंद्र कुमार, बन महाराज के मुकेश शर्मा, योगेश शर्मा, कृष्ण कुमार यादव, रितु अग्रवाल तथा श्रीशालिनी शर्मा आदि उपस्थित थे।

## मन की बात से मिलती राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा



बूथ अध्यक्ष को सम्मानित भाजपा के पदाधिकारी।

**मुख्य संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक अभियान के अंतर्गत रविवार को शक्तिकेंद्र हालन गंज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 131वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी और सकारात्मक पहलों से जुड़े विचारों को कार्यकर्ताओं ने सुना। सामूहिक श्रवण के पश्चात संगठन की मजबूती को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा

### बूथ अध्यक्षों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान

स्थानीय समस्याओं के समाधान पर मंथन किया गया। शक्तिकेंद्र अंतर्गत सभी बूथ अध्यक्षों का सम्मान वंदे मातरम' अंकित स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष राजू यादव, संजय शर्मा, ललित अग्रवाल, श्याम शर्मा, नितिन चतुर्वेदी, संजय कश्यप, मेघश्याम माहौर, रूप किशोर, अमित कागजी, बांके बिहारी उपाध्याय, पवन गौड़, किशोर बघेल एवं शरद चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे।

## आग से तबाह हुए बेटियों के सपनों की किन्नर बनी मसीहा



बेटियों की शादी में मसीहा बनकर पहुंची किन्नर तमन्ना।

**संवाददाता**

**यूनिक समय, गोवर्धन।** गांव पलसों में दो दिन पहले शादी के घर में हुई शार्ट सर्किट से लगी आग ने खुशी के माहौल को गम में बदल दिया था। दो दिन बाद बेटियों को विदा करना था पर हुआ कुछ अलग। बारात आने से पहले ही बेटियों को देने वाला कन्यादान के लिये रखे सामान नकदी सहित अन्य सामान जलकर खाख हो गया। शार्ट सर्किट की एक चिंगारी ने पिता के अरमानों पर पानी फेर दिया, जिससे बेटियों का पिता बेबस हो गया। खबर मीडिया तक पहुंची, जिसे देखने के बाद कोई भी समाज सेवी पीड़ित परिवार की सुध तक नहीं लेने आया मगर खबर पढ़ने के बाद तमन्ना नामक एक किन्नर को हताश बेटियों के बाप का दर्द दिखा और उनकी सहानुभूति उन्हें गाँव पलसो

### शादी के लिए आर्थिक मदद को आगे आई

खींच लाई। तमन्ना किन्नर ने गांव पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की जो भी आर्थिक सहायता बनी वो की। तमन्ना किन्नर ने पीड़ित परिवार के लिये इक्कीस हजार रुपये की नकदी सहित बेटियों के कपड़े दुल्हनों के कपड़े सहित अन्य जरुरी सामान भेंट कर मदद की। समाज के भामाशाह पीड़ित परिवार की मदद को नहीं पहुंचे वहीं एक किन्नर द्वारा की गयी सहायता से पीड़ित पिता अपनी आँखों में आंसू नहीं रोक पाया। किन्नर की इस मदद से बेटियों की आँखों में भी मुस्कान दिखी। गांव वालों ने तमन्ना किन्नर की जमकर तारीफ़ की।

## मथुरा रिफाइनरी में 40वां फ्लावर शो

# सांसद हेमा मालिनी ने दो दिवसीय शो का किया उद्घाटन

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी ने 21-22 फरवरी को रिफाइनरी नगर स्थित नगर चौपाल में 40वां वार्षिक फ्लावर शो आयोजित किया। दो दिवसीय फ्लावर शो का उद्घाटन सांसद श्रीमती हेमा मालिनी ने किया। मथुरा रिफाइनरी के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि रिफाइनरी तकनीक, पर्यावरण और समाज के बीच सही सामंजस्य के साथ कार्य कर रही है और मथुरा क्षेत्र की शान है। उन्होंने



मथुरा रिफाइनरी में फ्लावर शो का उद्घाटन करती सांसद हेमामालिनी। साथ में मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल।

फ्लॉवर शो का आनंद लिया और सभी को प्रकृति प्रेम के लिए प्रोत्साहित किया। उद्घाटन के दौरान मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल और रिफाइनरी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ भारी संख्या में टाउनशिप निवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम में एसएसपी श्लोक कुमार ने भी शिरकत की। फूलों से बनीं विभिन्न कलाकृतियां लोगों के विशेष आकर्षण का केंद्र रही। टाउनशिप के सैकड़ों निवासियों ने विभिन्न कैटेगरी में आयोजित प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लिया। लोगों ने फ्लावर शो में बनी विभिन्न आकृतियों के सामने सेल्फी खींच कर अपने लिए मनमोहक यादें सजाईं।

### विधानसभा मुद्दे से मचा घमासान, आगरा के अछनेरा में मनरेगा पर शिकंजा

# कामों की सोशल ऑडिट से खुलेगा फर्जीवाड़े का सच



## नियम–51 के तहत विशेष जांच शुरू

## रिकॉर्ड और भुगतानों की होगी गहन पड़ताल

**विशेष संवाददाता**

**यूनिक समय, आगरा।** जिले के विकास खंड अछनेरा की ग्राम पंचायतों अरूआखास, भड़ीरी और ब्यारा में मनरेगा कार्यों को लेकर उठे सवाल अब प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर गंभीर रूप ले चुके हैं। शिकायतों, विधानसभा में उठे मुद्दे और अभिलेखों की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न के बीच शासन ने एक साथ कई मोर्चों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्य प्राविधिक परीक्षक का दौरा, नियम–51 के तहत विशेष जांच और स्पेशल सोशल ऑडिट तीनों प्रक्रियाएं एक ही समयावधि में संचालित होने जा रही हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि प्रकरण को हल्के में नहीं लिया जा रहा। सूत्रों के अनुसार, 24 और 25 फरवरी को उच्च स्तरीय टीम अछनेरा में अभिलेखीय परीक्षण और स्थलीय निरीक्षण करेगी। इसी क्रम में सोशल ऑडिट निदेशालय ने वित्तीय वर्ष 2024–25 और 2025–26 के कार्यों का विशेष सोशल ऑडिट 24 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक कराने के निर्देश दिए हैं। यह कदम शिकायतों की गंभीरता और भुगतान प्रक्रियाओं की सत्यता को लेकर उठाए गए सवालों की पृष्ठभूमि में उठाया गया है। अब देखना होगा कि तीनों प्रक्रियाओं से निकलने वाले निष्कर्ष किस दिशा में संकेत करते हैं।

### उपायुक्त की दो टूक

उपायुक्त श्रम–रोजगार ने संवाददाता से फोन पर कहा कि पूर्व में विभागीय स्तर पर कराई गई जांच के बावजूद यदि जनप्रतिनिधि द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई है, तो शासन के निर्देशानुसार मामले का व्यापक पुनः परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा, यदि किसी पक्ष को पूर्व जांच से असंतोष है तो पारदर्शिता के हित में दोबारा परीक्षण कराया जाना स्वाभाविक प्रक्रिया है।

### अब जांच में खुलेंगी मनरेगा में कहाँ–कहाँ पकी खिचड़ी

**यूनिक समय, आगरा।** शासन द्वारा नियम–51 के तहत विशेष जांच के आदेश दिए जाने के बाद मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि संबंधित ग्राम पंचायतों के सभी अभिलेख–स्वीकृत कार्य योजना, तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति, माप पुस्तिका (एमबी), भुगतान विवरण, फोटोग्राफिक साक्ष्य और संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण प्रस्तुत किए जाएं। पूर्व में श्रम रोजगार अधिकारी द्वारा कराई गई जांच की प्रमाणित प्रति उपलब्ध न कराए जाने को भी गंभीर चूक माना गया है।

## एनएमएमएस ऐप से फर्जी हाजिरी के आरोप से मचा हड़कम्प

**यूनिक समय, आगरा।** पूरा प्रकरण तब तूल पकड़ गया जब फतेहपुरसीकरी के विधायक बाबूलाल ने 11 फरवरी 26 को विधानसभा में मुद्दा उठाया। इससे पहले 5 नवंबर 2025 को मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में आरोप लगाया गया था कि कुछ कार्यों में एनएमएमएस ऐप के माध्यम से फर्जी उपस्थिति दर्ज कर भुगतान निकाला गया। आरोपों के अनुसार सितंबर से नवंबर 2025 के बीच कई तिथियों पर एक ही फोटो का उपयोग अलग–अलग दिनों की हाजिरी दर्शाने के लिए किया गया।शिकायत में मास्टर रोल संख्या 1756, 1757, 1758, 1799, 1800, 1801, 1802, 1804, 1805, 1806 और 1807 का उल्लेख है, जिनके माध्यम से लाखों रुपये के भुगतान का दावा किया गया। आरोप यह भी है कि जिन मजदूरों के नाम मास्टर रोल में अंकित थे, उनकी वास्तविक उपस्थिति संदिग्ध रही। कुछ मामलों में कथित रूप से अन्य व्यक्तियों के फोटो अपलोड कर उपस्थिति दर्शाने की बात कही गई है। विशेष रूप से भड़ीरी में "मेन सड़क से लाला के प्लॉट तक" तथा ब्यारा में "मेन रोड से विशन के खेत तक" कराए गए मिट्टी कार्यों का जिक्र प्रमुखता से किया गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि डिजिटल उपस्थिति प्रणाली का दुरुपयोग हुआ है, तो यह मनरेगा की पारदर्शिता आधारित संरचना पर गंभीर आघात है। अधिकारियों का कहना है कि मामला जांच के अधीन है।

## सवालों के घेरे में डीसी मनरेगा आगरा पूर्व की जांच रिपोर्टों ने बढ़ाई मुश्किलें

**यूनिक समय, आगरा।** स्थानीय लोगों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि जिला समन्वयक (डीसी) मनरेगा, आगरा द्वारा की गई पूर्व की जांच रिपोर्टों में अभिलेखीय मिलान, कार्य प्रगति और भुगतान प्रक्रिया से संबंधित उन बिंदुओं पर भी स्पष्टीकरण मांगे जाने के कयास लगाए जा रहे हैं जो पूर्व जांच (डीसी) मनरेगा द्वारा स्वयं की गई हैं किंतु मामलों का अंतिम निष्कर्ष सार्वजनिक नहीं किया गया है। यदि किसी परियोजना में तकनीकी या दस्तावेजी आपत्ति दर्ज होती है तो उसे नियमानुसार परीक्षण के बाद निस्तारित किया जाता है।

### पोर्टल से विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

# सरकार की डिजिटल पोर्टल से घर बैठे मिलेंगी सभी सेवाएं

**विशेष संवाददाता**

**यूनिक समय मथुरा / लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय सेवाओं को आमजनमानस तक सरल, पारदर्शी और त्वरित रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से विभागीय पोर्टल से विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विभिन्न सरकारी सेवाओं को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपलब्ध कराना है, ताकि नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और सेवाएं ऑनलाइन ही सुलभ हो सकें। प्रस्तावित विभागीय पोर्टल को ई–डिस्ट्रिक्ट प्रणाली से जोड़ने की योजना है, जिससे प्रमाण पत्र, लाइसेंस, पंजीकरण, अनुमतियां तथा अन्य प्रशासनिक सेवाएं एक ही मंच पर उपलब्ध होंगी। इससे न केवल समय और संसाधनों की बचत होगी, बल्कि प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। सरकारी सूत्रों के अनुसार, पोर्टल विकास में तकनीकी मानकों, डेटा सुरक्षा और उपयोगकर्ता–अनुकूल इंटरफेस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डिजिटल सेवाओं का यह विस्तार "ई–गवर्नेंस" की अवधारणा को मजबूत करेगा और ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों के नागरिकों को समान रूप से लाभान्वित करेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पोर्टल का संचालन प्रभावी ढंग से किया गया और विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित हुआ, तो यह पहल प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकती है। नागरिकों को भी डिजिटल माध्यमों के उपयोग के प्रति जागरूक और प्रशिक्षित करना आवश्यक होगा, ताकि योजना का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंच सके। प्रदेश सरकार की यह पहल डिजिटल इंडिया मिशन के अनुरूप प्रशासनिक सेवाओं को आधुनिक और सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## लाइन हाजिर सिपाही की वीआईपी ड्यूटी, थाना प्रभारी निलंबित

**यूनिक समय, आगरा।** आगरा में पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। वीआईपी ड्यूटी चार्ट में लाइन हाजिर किए गए सिपाही की तैनाती सामने आने के बाद पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने सख्त कार्रवाई करते हुए थाना शाहगंज के प्रभारी निरीक्षक विरेश पाल गिरि को निलंबित कर दिया है। मामले की जांच एसीपी स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है। दरअसल, शाहगंज क्षेत्र के एक मामले में सिपाही सनी मलिक पर अवैध वसूली के आरोप लगे थे। बुलडोजर मालिक रईस खां से 25 हजार रुपये वसूलने की शिकायत मिलने पर डीसीपी सिटी ने सिपाही को लाइन हाजिर करने के आदेश दिए थे। आदेश के बावजूद सिपाही ने लाइन में आमद नहीं कराई और थाने में ही सक्रिय रहा। चौंकाने वाली बात तब सामने आई जब वीआईपी ड्यूटी चार्ट सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें सिपाही की ड्यूटी शिल्पग्राम की ओर सेल्फी पॉइंट तिराहा पर लगाई गई थी। आदेश की अवहेलना को गंभीर मानते हुए पुलिस आयुक्त ने तत्काल प्रभाव से थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया।

अब यह भी जांच का विषय है कि विभागीय गोपनीय पत्र सोशल मीडिया तक कैसे पहुंचा। पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी थाने से गोपनीय दस्तावेज लीक होता है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पूरे प्रकरण ने कमिश्नरेट की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## प्रियाकान्तजु मंदिर पर 23 से दो मार्च को खेली जायेगी होली

**यूनिक समय, वृन्दावन।** ठाकुर श्रीप्रियाकान्तजु मंदिर की प्रसिद्ध 'हाईड्रोलिक होली' 2 मार्च को खेली जायेगी। देश–विदेश से आये श्रद्धालु देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज के सानिध्य में ब्रज की सतरंगी होली मे सराबोर होंगे। मंदिर पर 23 फरवरी से होली महोत्सव का प्रारम्भ होगा। आयोजन के लिये मंदिर प्रबंधन ने तैयारियाँ पूर्ण कर लीं हैं। प्रियाकान्तजु मंदिर प्रबंधक रवि रावत ने बताया कि विश्व शांति सेवा चैरीटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में 23 फरवरी से 1 मार्च तक अपराहन 3.30 से सायं 7 बजे तक श्रीमदभागवत कथा का आयोजन होगा। देवकीनंदन महाराज कथारस पान करायेंगे। 2 मार्च को मंदिर प्रांगण में सुबह 10 बजे से सात प्रकार की होली प्रारम्भ होगी। श्रद्धालुओं के बीच फूलों की होली, लड्डू–जलेबी होली, रसिया गायन होली, भजन नृत्य होली, लठामार होली, गुलाल की होली और अंत में टेसु के रंगों की होली खेली जायेगी।

## कॉर्पोरेट कप में ब्लॉक इलेवन और यूपीपीसीएल विजयी



**यूनिक समय, मथुरा।** क्रिकेट अकैडमी फॉर एक्सीलेंस के तत्वावधान में सीपी क्रिकेट स्टेडियम, रावल पर खेले जा रहे कॉर्पोरेट कप में सोमवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में ब्लॉक इलेवन बलदेव ने यूएचए 11 को चार विकेट से हराया।

यूएचए 11 के कप्तान उपांशु ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन पूरी टीम 16 ओवर में 68 रन पर सिमट गई। उपांशु ने सर्वाधिक 11 रन बनाए। ब्लॉक इलेवन की ओर से मंटू, सुनील और दिनेश ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्लॉक इलेवन ने 8 ओवर में छह विकेट खोकर 72 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। आदेश चौधरी ने चार और आकर्ष ने दो विकेट लिए। मंटू को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मुकाबले में यूपीपीसीएल ने मथुरा मेडिकोज को सात विकेट से पराजित किया। मथुरा मेडिकोज 17 ओवर में 110 रन पर ऑलआउट हो गई। अंश और डॉ. राहुल पचौरी ने 19–19 रन बनाए। जवाब में यूपीपीसीएल ने 13 ओवर में तीन विकेट पर 113 रन बनाकर जीत दर्ज की। मनीष यादव ने नाबाद 78 रन की शानदार पारी खेली और प्लेयर ऑफ द मैच बने। मैच में अंपायरिंग शिव और दिलीप ने की।

### एनएचएआई की हूबहू नकल

# टॉप रिजल्ट में दिख रही फर्जी वेबसाइट्स

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** यदि आप अपने वाहन के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के फास्टैग का एनुअल पास बनवाने या रिन्यू करने की सोच रहे हैं, तो संभल जाइए। साइबर ठगों ने अब आमजन की जेब पर डाका डालने का बेहद शातिर और नया तरीका तलाशा है। ठग गूगल सर्च को हथियार बनाकर एनएचएआई की हूबहू फर्जी वेबसाइट्स के जरिए लोगों को शिकार बना रहे हैं।

इस नए फिशिंग स्कैम को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी की है। साइबर अपराधी तकनीक के मामले में दो कदम आगे चल रहे हैं। शातिर




ठग गूगल एड्स और सीईओ सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन का इस्तेमाल कर फर्जी वेबसाइटों को सर्च इंजन में सबसे ऊपर ला रहे हैं।

आमतौर पर लोग गूगल सर्च में आने वाले पहले लिंक पर आंख मूंदकर भरोसा करते हैं। अपराधी इसी मानसिकता का फायदा उठा रहे हैं। वे पैसे देकर अपनी फर्जी साइट को 'प्रायोजित टैग के साथ सबसे ऊपर दिखाते हैं। वेबसाइटों का रंग–रूप, डिजाइन और लोगों बिल्कुल असली एनएचएआई पोर्टल जैसा होता है, जिससे आम आदमी चकमा खा जाए। एडवाइजरी के अनुसार, जब कोई यूजर इस फर्जी वेबसाइट पर जाता है, तो वहां वार्षिक पास के लिए करीब 3000 रुपए के भुगतान की मांग की जाती है। पेमेंट के लिए स्क्रीन पर एक क्यूआर कोड दिया जाता है। जैसे ही कोई व्यक्ति इसे स्कैन कर भुगतान करता है, पैसा किसी सरकारी खाते में जाने के बजाए सीधे अपराधियों के 'म्यूल अकाउंट' (फर्जी बैंक खातों) में ट्रांसफर हो जाता है।

### आप हो सकते हैं ठगी के शिकार

पास खरीदने या रिन्यू करने के लिए केवल राजमार्ग यात्रा आधिकारिक ऐप या अपने अधिकृत बैंक पोर्टल का ही उपयोग करें। ब्राउजर में संदिग्ध और मिलते–जुलते लिंक पर बिल्कुल क्लिक न करें। क्यूआर कोड स्कैन करते समय यदि स्क्रीन पर "सरिता देवी" या किसी अन्य व्यक्ति का नाम आए, तो तुरंत पेमेंट कैंसिल कर दें। सरकारी भुगतान व्यक्तियों के नाम पर नहीं होते। ऑनलाइन भुगतान करते समय सजग रहें और किसी भी संदिग्ध लिंक या अनजान व्यक्ति के साथ अपनी बैंकिंग डिटेल्स/ओटीपी शेयर ना करें। ऑनलाइन शिकायतः भारत सरकार के आधिकारिक पोर्टल शिकायत दर्ज करवाएं।

## सुविचार

अगर आपके जीवन में संतोष है तो आप हर चीज पर विजय प्राप्त कर सकते हैं।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | षष्ठी | 01:46-12:40 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | अश्विन | 02:32-02:15 तक | माह | फाल्गुन |
| सूर्योदय | | 06:57 AM | चन्द्रोदय | 10:29 AM |
| सूर्यास्त | | 06:23 PM | चंद्रास्त | 12:23 PM |
| सूर्य राशि | | कुंभ राशि | चंद्र | मेष राशि |
| शुभ मुहूर्त | 12:08PM -12:50 PM | | ब्रहम् मुहूर्त | 05:083-06:11 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | 08:23 PM-09:48 PM | | वार | सोमवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन





ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# चाणक्य के अनुसार इन चार स्थानों पर धन देने से मिलती है बरकत

**यूनिक समय, मथुरा।** आचार्य चाणक्य ने अपने नीति शास्त्र के माध्यम से जीवन, धन और समाज के संबंध में कई गहन शिक्षाएं दी हैं। उनकी नीतियां आज भी उतनी ही प्रासंगिक मानी जाती हैं जितनी प्राचीन काल में थीं। चाणक्य के अनुसार धन केवल संचय करने की वस्तु नहीं है, बल्कि उसका सही स्थान पर निवेश और दान करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने चार ऐसे स्थान बताए हैं, जहां दिया गया धन व्यक्ति को सम्मान, मानसिक संतोष और आर्थिक लाभ प्रदान करता है।

**बच्चों की शिक्षा पर धन लगाना**- चाणक्य के अनुसार, बच्चों की शिक्षा पर कभी कंजूसी नहीं करनी चाहिए। अपने बच्चों की पढ़ाई के साथ–साथ समाज के उन जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में भी सहयोग करना चाहिए जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। शिक्षा पर लगाया गया धन भविष्य में कई गुना होकर लौटता है। शिक्षित बच्चे परिवार और समाज का नाम रोशन करते हैं। वहीं जो लोग शिक्षा में




निवेश नहीं करते, उन्हें भविष्य में कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**समाज सेवा में धन का उपयोग-** धन का एक हिस्सा समाज सेवा के लिए अवश्य लगाना चाहिए। जरूरतमंदों के लिए भोजन, वस्त्र, स्वच्छता या अन्य सामाजिक कार्यों में सहयोग करने से व्यक्ति को आत्मिक शांति मिलती है। समाज के कल्याण में लगाया गया धन प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भविष्य में लाभ पहुंचाता है। चाणक्य का मानना था कि कमाई का कुछ अंश समाज के हित में लगाना ही सच्चा निवेश है।

**बेसहारा और गरीबों की सहायता-** आर्थिक रूप से कमजोर, अनाथ या बेसहारा लोगों की मदद करना श्रेष्ठ कर्म माना गया है। जरूरतमंदों को दिया गया दान केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी शुभ होता है। ऐसा करने से समाज में मान-सम्मान बढ़ता है और व्यक्ति की प्रतिष्ठा मजबूत होती है। चाणक्य के अनुसार, शुभ कर्म का फल अवश्य मिलता है।

**बीमार लोगों की मदद-** यदि कोई व्यक्ति बीमार है और उसे आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, तो उसकी मदद करना पुण्य कार्य है।

बीमार की सहायता करने से मानसिक संतोष मिलता है और समाज में आपकी छवि सकारात्मक बनती है। चाणक्य के अनुसार, ऐसे सत्कर्म जीवन में सुख-समृद्धि और ईश्वर का आशीर्वाद दिलाते हैं। इस प्रकार, सही स्थान पर किया गया धन का उपयोग ही सच्ची बरकत और सम्मान का कारण बनता है।

# होली से पहले बनेगा मालव्य योग, चार राशियों का भाग्य चमकेगा

**यूनिक समय, मथुरा।** मार्च 2026 में ग्रहों की स्थिति में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन होंगे, जो कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इस महीने में होली का पर्व 4 मार्च को मनाया जाएगा, लेकिन इससे पहले शुक्र का राशि परिवर्तन और सूर्य का गोचर कुछ राशियों के लिए भाग्य में बदलाव लाएगा। आइए जानते हैं मार्च में किन राशियों का भाग्य चमकेगा।

**शुक्र का गोचर और मालव्य योग–** मार्च के पहले सप्ताह में 2 तारीख को शुक्र ग्रह कुंभ राशि से मीन राशि में गोचर करेंगे। मीन में शुक्र के प्रवेश के साथ ही मालव्य योग बनेगा, जो विशेष रूप से सुख, समृद्धि और वैभव में वृद्धि का संकेत देता है। वहीं, कुंभ राशि में सूर्य, मंगल, बुध और राहु की चतुर्ग्रही युति बनेगी, जो मानसिक और शारीरिक ऊर्जा को बढ़ाएगी। मीन राशि में शुक्रऔर शनि की युति भी होगी, जिससे कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आ




सकते हैं।

**वृषभ राशि–** वृषभ राशि के जातकों के लिए मार्च का महीना बेहद लाभकारी रहेगा। उनके राशि के स्वामी शुक्र का उच्च भाव में गोचर उन्हें आय के नए स्त्रोत दिला सकता है। इसके साथ ही पदोन्नति की संभावना भी बन सकती है। सूर्य का एकादश भाव में गोचर कारोबार में विस्तार दिलाने वाला हो सकता है।

सामाजिक संबंध भी सुधरेंगे और माता–पिता का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मिथुन राशि–** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह समय आर्थिक संपन्नता का होगा। शुक्र का कर्म भाव में गोचर आपकी रचनात्मकता को बढ़ाएगा, जिससे कला, गायन, वादन या अभिनय जैसे क्षेत्रों में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत को सराहा जाएगा और धन–धान्य की प्राप्ति हो सकती है। कहीं निवेश किया था तो अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक राशि**- वृश्चिक राशि के विद्यार्थियों के लिए मार्च एक गेमचेंजर साबित हो सकता है। विशेषकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। साथ ही, किसी को उधार दिया गया धन वापस मिल सकता है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा और करियर में भी उन्नति के नए अवसर खुलेंगे।

**कुंभ राशि**- कुंभ राशि के जातकों की ऊर्जा का स्तर इस माह बढ़ेगा। द्वितीय भाव में सूर्य और शुक्र का गोचर उनके कार्यक्षेत्र में प्रभावी बदलाव ला सकता है। इस समय अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, लेकिन आपके कार्यक्षमता से आप सबको प्रभावित करेंगे।

विदेश से कारोबार के अवसर मिल सकते हैं और रोजगार की तलाश में लगे लोगों को नौकरी मिलने की संभावना है। इसके साथ ही सेहत भी बेहतर रहेगी। इस प्रकार, मार्च में होली से पहले बने ग्रहों के इन विशेष योगों का लाभ वृषभ, मिथुन, वृश्चिक और कुंभ राशि के जातकों को होगा, जो उनके जीवन में सुख और समृद्धि लेकर आएंगे।

## नए साल का व्रत–त्योहार कैलेंडर

- 27 फरवरी, दिन शुक्रवारः आमलकी एकादशी
- 1 मार्च, दिन रविवारः रवि प्रदोष व्रत
- 3 मार्च, दिन मंगलवारः फाल्गुन पूर्णिमा
- 4 मार्च, दिन बुधवारः होली
- 6 मार्च, दिन शुक्रवारः भालचन्द्र संकष्टी
- 15 मार्च, दिन रविवारः पापमोचनी एकादशी
- 16 मार्च, दिन सोमवारः सोम प्रदोष व्रत
- 17 मार्च, दिन मंगलवारः चैत्र मासिक शिवरात्रि
- 19 मार्च, दिन बृहस्पतिवारः चैत्र अमावस्या, चैत्र नवरात्रि प्रारंभ
- 22 मार्च, दिन रविवारः वासुदेव चतुर्थी
- 26 मार्च, दिन गुरुवारः राम नवमी
- 29 मार्च, दिन रविवारः कामदा एकादशी
- 30 मार्च, दिन सोमवारः सोम प्रदोष व्रत

## कल का राशिफल

**मेष राशि** : ऑफिस में वातावरण आपके अनुकूल रहेगा, जिसकी वजह से समय पर काम पूरा हो जाएगा, धन लाभ होने के भी योग हैं, लेकिन निवेश करने से बचें।

**वृष राशि** : कामकाजी लोगों को नई संपत्ति खरीदने का शानदार मौका मिलेगा, यदि आप किसी से रिश्ता जोड़ने की सोच रहे हैं तो कदम उठाना इस वक्त ठीक रहेगा।

**मिथुन राशि** : त्वचा से जुड़ी समस्याओं से युवाओं को कुछ समय के लिए राहत मिलेगी, इसके अलावा मेंटल हेल्थ में सुधार होगा, लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहेगी।

**कर्क राशि**: घर में चल रहे क्लेश का कुछ समय के लिए अंत होगा, आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए किए गए प्रयास सफल होंग, इसके अलावा घर के मुखिया की तबीयत ठीक होगी।

**सिंह राशि** : किसी बाहरी इंसान पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करना नुकसानदायक साबित होगा. यदि आपने किसी संपत्ति में निवेश कर रखा है तो वहां से लाभ होने की संभावना है, लव लाइफ के नजरिए से ये दिन ठीक रहेगा।

**कन्या राशि** : घरवालों का साथ मिलने से मुश्किल समय को आप आसानी से पार कर लेंगे. इसके अलावा अपनी सेहत पर ध्यान देंगे और खुश रहने का निर्णय लेंगे, हालांकि, आर्थिक स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं रहेगी।

**तुला राशि** : सोच-समझकर लिए गए कारोबारी फैसले लाभ पहुंचाएंगे. अगर आप नई संपत्ति या किसी और जगह निवेश करने की सोच रहे हैं तो उसके लिए सोमवार का दिन लाभदायक रहेगा।

**वृश्चिक राशि** : बीमारियों से छुटकारा मिलने के कारण तरोताजा महसूस करेंगे. रिश्ता जोड़ने का फैसला करना इस वक्त बहुत अच्छा रहेगा. आर्थिक स्थिति में गिरावट आ रही है तो वक्त बदलेगा।

**धनु राशि** : भाग्य का साथ मिलने से बुरा समय खत्म हो जाएगा. आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे, सोमवार को लव लाइफ में चल रहे तनाव से कुछ समय के लिए राहत मिलेगी।

**मकर राशि** : मकर राशि वालों को आज के दिन मेहनत का फल मिलेगा। लेकिन बड़े खर्च की संभावना भी है। करियर में स्थिरता रहेगी। प्रेम जीवन में समझ बनाए रखें। सेहत का विशेष ध्यान रखें।

**कुंभ राशि** : पिता की सेहत में सुधार होने से युवाओं को मानसिक शांति मिलेगी. साथ ही भागदौड़ कम करनी पड़ेगी, आर्थिक स्थिति और लव लाइफ की बात करें तो उसे लेकर 2तनाव नहीं रहेगा।

**मीन राशि** : मीन राशि वालों का आज का दिन सामान्य से बेहतर रहेगा। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार और प्रेम में खुशियां रहेंगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा, लेकिन आराम लें।

# रंगभरी एकादशी 2026 : दुर्लभ संयोग और पूजा मुहूर्त

**यूनिक समय, मथुरा।** रंगभरी एकादशी के दिन इस साल कई शुभ योग बन रहे हैं, जिनमें पूजा करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। इस लेख में हम जानेंगे कि रंगभरी एकादशी कब मनाई जाएगी, और इस दिन के शुभ मुहूर्त और योग के बारे में विस्तृत जानकारी।

**रंगभरी एकादशी का महत्व और पूजा-** रंगभरी एकादशी, फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाई जाती है। इस दिन भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी, भोलेनाथ और माता गौरी की पूजा का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इसी दिन भगवान शिव माता पार्वती को पहली बार काशी लेकर आए थे। रंगभरी एकादशी का व्रत रखने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं, और घर में सुख–समृद्धि और संपन्नता आती है। इस दिन विधिपूर्वक पूजा करने से जीवन के सभी संकट दूर हो जाते हैं और व्यक्ति को शुभ फल की प्राप्ति होती है।

**रंगभरी एकादशी शुभ योग**- इस साल रंगभरी एकादशी 27 फरवरी 2026 को मनाई जाएगी। इस दिन कई शुभ योग बन रहे हैं, जो पूजा और व्रत के लिए अत्यंत लाभकारी माने जाते हैं। सर्वार्थ सिद्धि योगः यह योग सुबह 10 बजकर 48 मिनट से 28 फरवरी को सुबह 6 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। इसे अत्यंत शुभ और फलदायी माना जाता है। रवि योगः यह योग सुबह 6 बजकर 48 मिनट से सुबह 10 बजकर 48 मिनट तक रहेगा। इसे भी विशेष महत्व प्राप्त है। आयुष्मान योगः यह योग प्रातःकाल से लेकर शाम 7 बजकर 44 मिनट तक रहेगा। इसे जीवन में लंबी उम्र और स्वास्थ्य के लिए शुभ माना जाता है। सौभाग्य योगः यह योग शाम 7 बजकर 45 मिनट तक रहेगा। सौभाग्य प्राप्ति के लिए यह समय शुभ है।

**रंगभरी एकादशी पूजा मुहूर्त**- रंगभरी एकादशी का व्रत 27 फरवरी को रात 12 बजकर 33 मिनट से शुरू होगा। एकादशी तिथि का समापन 27 फरवरी को रात 10 बजकर 32 मिनट पर होगा। ब्रह्म मुहूर्तः पूजा के लिए ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5 बजकर 9 मिनट से लेकर 5 बजकर 59 मिनट तक रहेगा। इस समय पूजा करने से विशेष लाभ प्राप्त होता है। अभिजित मुहूर्तः यह मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 11 मिनट से लेकर 12 बजकर 57 मिनट तक रहेगा। इसे भी पूजा के लिए अत्यधिक शुभ माना जाता है।

**रंगभरी एकादशी पारण मुहूर्त–** रंगभरी एकादशी का पारण 28 फरवरी को किया जाएगा। पारण के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 47 मिनट से लेकर सुबह 9 बजकर 6 मिनट तक रहेगा। पारण के समय द्वादशी तिथि का समापन शाम 8 बजकर 43 मिनट पर होगा। यह समय विशेष रूप से व्रत के समापन के लिए महत्वपूर्ण है, और इसे शुभ माना जाता है।

रंगभरी एकादशी का दिन विशेष रूप से शुभ होता है, जब कई लाभकारी योगों का संयोग बनता है। इस दिन व्रत और पूजा करने से व्यक्ति को जीवन में सुख, समृद्धि, और समृद्धि मिलती है। सभी भक्तों को इस दिन विधिपूर्वक पूजा करनी चाहिए और शुभ मुहूर्त का ध्यान रखना चाहिए।

## सम्पादकीय

# 'पैक्स सिलिका' से भारत को मिलेगी वैश्विक बढ़त

अमेरिका की पहल 'पैक्स सिलिका' से जुड़कर भारत ने एआई और सेमीकंडक्टर जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में अपनी वैश्विक साझेदारी को नया आयाम दिया है। यह कदम केवल एक तकनीकी समझौता नहीं, बल्कि बदलते भू–राजनीतिक परिदृश्य में भारत की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। इससे भारत को तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूती मिलेगी और वह वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में अधिक प्रभावशाली भूमिका निभा सकेगा।



पवन गौतम
संपादक

'पैक्स' का अर्थ है शांति और 'सिलिका' आधुनिक कंप्यूटिंग की बुनियाद। इस पहल का मूल उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी संवेदनशील तकनीकों के दुरुपयोग को रोकना और विश्वसनीय साझेदार देशों के बीच सुरक्षित तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देना है। नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इंपैक्ट समिट के दौरान भारत के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और अमेरिकी आर्थिक मामलों के मंत्री जैकब हेलबर्ग ने इस घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। यह भारत–अमेरिका रणनीतिक संबंधों की गहराई को दर्शाता है।

आज एआई, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिक वाहनों का भविष्य लिथियम, कोबाल्ट और ग्रेफाइट जैसे महत्वपूर्ण खनिजों पर निर्भर है। भारत इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है और अमेरिका व चीन के बाद तीसरी प्रमुख तकनीकी शक्ति बनने की दिशा में प्रयासरत है। ऐसे में 'पैक्स सिलिका' से जुड़ना भारत के लिए संसाधन, निवेश और तकनीकी सहयोग के नए द्वार खोलता है। इससे भारतीय डेटा सेंटरों, क्लाउड कंप्यूटिंग और चिप निर्माण के क्षेत्र में निवेश बढ़ने की संभावना है। साथ ही, भारत की छवि एक जिम्मेदार और भरोसेमंद तकनीकी शक्ति के रूप में मजबूत होगी। हालांकि, इस पहल के कुछ संभावित जोखिम भी हैं। इसकी सभी शर्तें सार्वजनिक नहीं हैं, इसलिए डेटा सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता से जुड़े प्रश्न उठना स्वाभाविक है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ डेटा साझेदारी में सावधानी बरतना आवश्यक होगा। इसके अतिरिक्त, अमेरिका के साथ बढ़ती निकटता से रूस जैसे पारंपरिक साझेदार के साथ संतुलन बनाए रखना भी भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

फिर भी, वैश्विक राजनीति में संतुलन साधने की भारत की नीति नई नहीं है। बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में भारत का लक्ष्य किसी एक ध्रुव पर निर्भर होना नहीं, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप साझेदारियां विकसित करना है। 'पैक्स सिलिका' इसी रणनीति का हिस्सा है, जो भारत को तकनीकी शक्ति, आर्थिक मजबूती और वैश्विक प्रभाव–तीनों में बढ़त दिला सकती है।

## नजरिया

# जब मशीन रचने लगे कला क्या पीछे छूट जाएगा इंसान?

इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में मानव सभ्यता एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां सृजन और एल्गोरिद्म आमने–सामने दिखाई देते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता–एआई–ने लेखन, चित्रकला, संगीत, नृत्य, फिल्म, डिजाइन और यहां तक कि दार्शनिक विमर्श तक में अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। कुछ ही क्षणों में कविता, पेंटिंग या धुन तैयार कर देने वाली मशीनें आश्चर्य जगाती हैं। परंतु इसी आश्चर्य के भीतर एक गहरी चिंता भी छिपी है–क्या कला की आत्मा अब कोड और डेटा के हवाले हो जाएगी? या फिर मानव मस्तिष्क की जीवंतता मशीनों से कहीं आगे रहेगी?

एआई का मूल स्वभाव डेटा पर आधारित विश्लेषण और पुनर्संरचना है। वह विशाल सूचनाओं के संग्रह से पैटर्न पहचानती है और उन्हीं के आधार पर नए संयोजन तैयार करती है। उदाहरण के लिए, यदि उसे हजारों चित्रों की शैली सिखा दी जाए, तो वह उन शैलियों का मिश्रण कर एक नया चित्र बना सकती है। यदि उसे अनगिनत राग, बंदिशें और ताल संरचनाएं उपलब्ध हों, तो वह एक नई धुन रच सकती है। यह क्षमता तकनीकी दृष्टि से अद्भुत है।

किन्तु प्रश्न यह है कि क्या यह सृजन है या केवल पुनर्संयोजन? एआई शून्य से आरंभ नहीं करती। वह अनुभव नहीं करती, केवल गणना करती है। उसके पास स्मृति तो है, पर स्मृति के साथ जुड़ी संवेदना नहीं। वह भाषा को समझती नहीं, बल्कि उसके सांख्यिकीय संबंधों को पहचानती है। इसीलिए उसका सृजन कई बार प्रभावशाली होते हुए भी भीतर से रिक्त प्रतीत होता है।

मानव मस्तिष्क केवल सूचना–प्रसंस्करण का उपकरण नहीं है। वह अनुभवों, भावनाओं, स्मृतियों और सामाजिक संदर्भों का संगम है। एक कवि जब कविता लिखता है, तो वह केवल शब्दों का संयोजन नहीं करता; वह अपने समय, अपने दुख–सुख, अपने परिवेश और अपनी अंतःप्रेरणा को अभिव्यक्त करता है। एक चित्रकार की कूची में उसके जीवन की छाप होती है। एक संगीतकार की धुन में उसकी साधना और अनुभूति का ताप झलकता है। मानव सृजन में अनिश्चितता और अप्रत्याशितता होती है। कई बार कलाकार स्वयं नहीं जानता कि वह क्या रचने जा रहा है; सृजन प्रक्रिया के दौरान ही नया अर्थ जन्म लेता है। यह 'अनायास' उत्पत्ति मशीन के लिए संभव नहीं, क्योंकि मशीन पूर्व–निर्धारित सीमाओं और डेटा पर निर्भर है। भारतीय कला परंपरा विशेष रूप से प्रतीकात्मक और भावप्रधान रही है। एक राग केवल सुरों का क्रम नहीं, बल्कि समय, ऋतु और मनोदशा का प्रतीक है। भरतनाट्यम या कथक की एक मुद्रा केवल शारीरिक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि कथा और भाव का संप्रेषण है। आदिवासी चित्रों में उकेरे गए प्रतीक प्रकृति, समुदाय और विश्वासों की कहानी कहते हैं।

इन कलाओं में अर्थ कई स्तरों पर उपस्थित होता है–प्रत्यक्ष, परोक्ष और सांस्कृतिक। एआई इन रूपों का विश्लेषण कर सकती है, पर उनके पीछे छिपी सांस्कृतिक चेतना को आत्मसात नहीं कर सकती। वह प्रतीकों की संरचना पहचान सकती है, पर प्रतीकों के भीतर के अनुभव को नहीं जी सकती। डिजिटल युग में सबसे बड़ा भ्रम यह है कि हमने सूचना को ही ज्ञान मान लिया है। इंटरनेट और एआई ने हमें अभूतपूर्व मात्रा में सामग्री उपलब्ध कराई है। किंतु जानकारी की अधिकता से विवेक और मनन स्वतः उत्पन्न नहीं होते। ज्ञान का अर्थ है–सूचना को समझना, उसे संदर्भ में रखना और उससे जीवन–दृष्टि विकसित करना। कला इसी ज्ञान–प्रक्रिया का परिणाम है। यदि कलाकार केवल उपलब्ध डेटा पर निर्भर रह जाए और स्वयं के अनुभवों से संवाद न करे, तो उसकी रचना सतही हो सकती है। एआई की सहायता से त्वरित सृजन संभव है, परंतु गहन सृजन के लिए धैर्य और आत्मसंवाद आवश्यक है। यह भी सत्य है कि एआई कला और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो



सकती है। लुप्तप्राय लोकगीतों का डिजिटल अभिलेखन, प्राचीन पांडुलिपियों की पुनर्प्राप्ति, क्षतिग्रस्त चित्रों की मरम्मत, भाषाओं का अनुवाद–इन सबमें एआई एक प्रभावी उपकरण है। वह शोधकर्ताओं और कलाकारों को नए संदर्भ प्रदान कर सकती है। यदि एआई को सहयोगी के रूप में उपयोग किया जाए, तो वह सृजन की प्रक्रिया को समृद्ध बना सकती है। कलाकार अपनी कल्पना को विस्तार देने के लिए मशीन की गणनात्मक क्षमता का सहारा ले सकता है। इस प्रकार तकनीक और मानवीय संवेदना का संतुलित समन्वय संभव है।

चिंता तब उत्पन्न होती है जब एआई को साधन नहीं, बल्कि साध्य बना दिया जाता है। यदि बाजार की मांग त्वरित और सस्ते उत्पादन की हो, तो मशीन–निर्मित कला की भरमार हो सकती है। इससे मौलिक कलाकारों के सामने आजीविका का संकट भी उत्पन्न हो सकता है। साथ ही, समाज में औसत दर्जे की सामग्री की अधिकता से सौंदर्य–बोध भी प्रभावित हो सकता है। एक और जोखिम यह है कि यदि नई पीढ़ी सृजन की कठिन प्रक्रिया से बचकर केवल मशीन पर निर्भर हो जाए, तो उसकी कल्पनाशक्ति और प्रयोगशीलता सीमित हो सकती है। कला का अर्थ केवल परिणाम नहीं, बल्कि प्रक्रिया भी है। साधना, असफलता और पुनः प्रयास–ये सभी रचनात्मकता को गहराई देते हैं। एआई–जनित कला के साथ नैतिक प्रश्न भी जुड़े हैं। यदि मशीन किसी कलाकार की शैली की नकल करती है, तो मौलिकता और कॉपीराइट का प्रश्न उठता है। यदि डेटा पक्षपाती हो, तो उसके आधार पर बनी रचनाएं भी पक्षपाती हो सकती हैं। सांस्कृतिक विविधता के स्थान पर एकरूपता का खतरा भी बढ़ सकता है।

कला केवल व्यक्तिगत अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का माध्यम है। यदि वैश्विक एल्गोरिद्म स्थानीय संवेदनाओं पर हावी हो जाएं, तो सांस्कृतिक विशिष्टता कमजोर पड़ सकती है। इसलिए तकनीक के उपयोग में सजगता और नीतिगत स्पष्टता आवश्यक है। मानव और मशीन का संबंध प्रतिस्पर्धा का नहीं, सहयोग का होना चाहिए। एआई को सहायक उपकरण के रूप में अपनाना अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण है। अंतिम निर्णय, अंतिम संवेदना और अंतिम स्पर्श मानव के हाथ में रहना चाहिए। मशीन दिशा सुझा सकती है, पर दिशा का चयन मनुष्य को करना होगा। रचनात्मकता का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि हम तकनीक का उपयोग किस प्रकार करते हैं। यदि हम चिंतन, मनन और संवेदना को बनाए रखते हुए एआई को साधन बनाएं, तो कला का विस्तार संभव है। पर यदि हम सुविधा और गति के मोह में अपनी मौलिकता खो दें, तो कला की आत्मा संकट में पड़ सकती है।

## विचार विण्डो

# नौकरी बनाम रोबोट: एआई के दौर में भविष्य की जंग


कृत्रिम बुद्धिमत्ता–एआई–ने कार्यस्थलों की तस्वीर तेजी से बदलनी शुरू कर दी है। दफ्तरों में फाइलें संभालने से लेकर डेटा विश्लेषण, ग्राहक सेवा, कंटेंट निर्माण और यहां तक कि कानूनी मसौदे तैयार करने तक, मशीनें अब वह सब कर रही हैं जिसे कभी केवल इंसानी कौशल माना जाता था। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या आने वाले वर्षों में नौकरी और रोबोट के बीच सीधी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी? या यह जंग दरअसल कौशल और तैयारी की है?

हाल में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की एक रिपोर्ट ने इस बहस को नई दिशा दी है। रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक एआई लगभग 9.2 करोड़ नौकरियां खत्म कर सकती है, लेकिन साथ ही 17 करोड़ नई नौकरियां भी पैदा हो सकती हैं। यानी कुल मिलाकर रोजगार का गणित 'नेट पॉजिटिव' दिखाई देता है। पहली नजर में यह आश्वस्त करने वाला है, लेकिन इस आंकड़े के भीतर छिपी असमानताओं को समझना जरूरी है।

सबसे पहले यह समझना होगा कि जिन नौकरियों के समाप्त होने की आशंका है, वे प्रायः दोहराव वाली, नियम–आधारित और प्रारंभिक स्तर की भूमिकाएं हैं। जैसे–डेटा एंट्री, बेसिक अकाउंटिंग, रिपोर्ट तैयार करना, कस्टमर सपोर्ट या सामान्य प्रशासनिक कार्य। एआई इन कार्यों को तेज, सटीक और कम लागत में कर सकती है। कंपनियों के लिए यह आर्थिक दृष्टि से फायदेमंद है कि वे ऐसे काम मशीनों को सौंप दें।

यहीं से समस्या शुरू होती है। एंट्री–लेवल नौकरियां किसी भी युवा के कॅरियर की पहली सीढ़ी होती हैं। इन्हीं भूमिकाओं में काम करते हुए वह सीखता है, अनुभव अर्जित करता है और धीरे–धीरे विशेषज्ञता की ओर बढ़ता है। यदि यह पहली सीढ़ी ही कमजोर पड़ जाए, तो नई पीढ़ी के लिए अवसरों का रास्ता संकरा हो सकता है। कल्पना कीजिए कि कॉलेज से निकलने वाला छात्र जब नौकरी की तलाश में जाए और उसे बताया जाए कि उसका संभावित काम पहले से ही स्वचालित प्रणाली कर रही है–तो उसके सामने विकल्प क्या होंगे?

रिपोर्ट यह भी बताती है कि नई नौकरियां मुख्यतः डिजिटल और ग्रीन इकोनॉमी में आएंगी। एआई विशेषज्ञ, डेटा साइंटिस्ट, साइबर सुरक्षा विश्लेषक, रिन्यूएबल एनर्जी इंजीनियर, एआई एथिक्स सलाहकार जैसी भूमिकाओं की मांग बढ़ेगी। लेकिन इन पदों के लिए उच्च स्तरीय कौशल, तकनीकी दक्षता और विशेष प्रशिक्षण आवश्यक है। जो कर्मचारी आज पारंपरिक भूमिकाओं में कार्यरत हैं, वे तुरंत इन नई



भूमिकाओं में परिवर्तित नहीं हो सकते। यही कौशल–अंतर (स्किल गैप) भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती है। एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू असमानता का है। सर्वेक्षणों में बड़ी संख्या में उद्यमियों का मानना है कि एआई से उनके मुनाफे में वृद्धि होगी, लेकिन कर्मचारियों की आय बढ़ेगी–इस पर विश्वास अपेक्षाकृत कम है। इसका अर्थ यह है कि एआई से उत्पन्न आर्थिक लाभ पूंजी और तकनीक के मालिकों के पास अधिक केंद्रित हो सकते हैं। यदि ऐसा हुआ, तो सामाजिक और आर्थिक विषमता और गहरी हो सकती है। हालांकि, तकनीकी परिवर्तन को केवल खतरे के रूप में देखना भी उचित नहीं है। इतिहास गवाह है कि हर औद्योगिक क्रांति ने कुछ नौकरियां समाप्त की हैं, लेकिन नई भूमिकाएं भी पैदा की हैं। अंतर केवल गति का है। एआई का विस्तार इतनी तेजी से हो रहा है कि समाज और शिक्षा प्रणाली को अनुकूलन के लिए बहुत कम समय मिल रहा है। यही कारण है कि समाधान तकनीक का विरोध नहीं, बल्कि तैयारी है। शिक्षा व्यवस्था को पारंपरिक पाठ्यक्रमों से आगे बढ़कर विश्लेषणात्मक सोच, समस्या–समाधान, रचनात्मकता और डिजिटल साक्षरता पर जोर देना होगा। केवल कोडिंग सीखना पर्याप्त नहीं; एआइ के साथ काम करने की समझ विकसित करना जरूरी है। एआई साक्षरता अब वैकल्पिक नहीं, अनिवार्य कौशल बनती जा रही है। सरकारों को भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। कौशल विकास कार्यक्रमों को उद्योग की जरूरतों से जोड़ना, विस्थापित कर्मचारियों के लिए पुनःप्रशिक्षण (री–स्किलिंग) और अप–स्किलिंग की व्यवस्था करना, तथा सामाजिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना समय की मांग है।

यदि संक्रमण काल में लोगों को सहारा नहीं मिला, तो बेरोजगारी केवल आर्थिक संकट नहीं, सामाजिक असंतोष का कारण भी बन सकती है। निजी क्षेत्र की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। कंपनियां यदि एआई के माध्यम से लागत घटाती हैं, तो उन्हें अपने कर्मचारियों को नए कौशल सिखाने में निवेश करना चाहिए। मानव संसाधन को खर्च नहीं, दीर्घकालिक निवेश के रूप में देखना होगा। सहयोगात्मक मॉडल–जहां इंसान और मशीन साथ मिलकर काम करें–सबसे संतुलित मार्ग हो सकता है। अंततः यह समझना जरूरी है कि 'नौकरी बनाम रोबोट' की जंग वास्तव में मनुष्य बनाम तकनीक की नहीं है। यह जंग अनुकूलन बनाम जड़ता की है। जो समाज और व्यक्ति सीखने, बदलने और नए कौशल अपनाने के लिए तैयार होंगे, वे एआई युग में आगे बढ़ेंगे। जो परिवर्तन से मुंह मोड़ेंगे, वे पीछे छूट सकते हैं। भविष्य तय नहीं है। वह हमारे निर्णयों, नीतियों और तैयारी पर निर्भर करेगा। एआई अवसर भी है और चुनौती भी। यदि हम शिक्षा, कौशल और समान अवसरों पर जोर दें, तो रोबोट हमारे प्रतिस्पर्धी नहीं, सहयोगी बन सकते हैं। अन्यथा, यह जंग असमानता और असुरक्षा की कहानी भी बन सकती है। चुनाव हमारे हाथ में है–और समय तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### श्रीलंका में सुपर–8 के सारे मैच हुए रद्द

# वर्ल्ड कप : टीमों को कैसे मिलेगा सेमीफाइनल का टिकट?



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** वर्ल्ड कप 2026 के सुपर–8 चरण में श्रीलंका की बारिश ने रोमांच के साथ–साथ अनिश्चितता भी बढ़ा दी है। कोलंबो में लगातार खराब मौसम के कारण टीमों और फैंस की चिंता बढ़ गई है। हाल ही में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाने वाला सुपर–8 मुकाबला बिना एक भी गेंद फेंके रद्द करना पड़ा। दोनों टीमों को एक–एक अंक देकर संतोष करना पड़ा। अब सवाल यह है कि अगर ग्रुप–2 के सभी मैच बारिश की भेंट चढ़ जाते हैं, तो सेमीफाइनल में जगह किसे मिलेगी?

इस पूरे समीकरण का जवाब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों में छिपा है। टूर्नामेंट के प्लेइंग कंडीशंस के मुताबिक, यदि दो या अधिक टीमें बराबर अंकों पर रहती हैं, तो सबसे पहले ग्रुप चरण में जीते गए मैचों की संख्या देखी जाती है। लेकिन अगर सभी मुकाबले रद्द हो जाएं, तो किसी भी टीम के खाते में जीत दर्ज नहीं होगी। ऐसे में यह नियम लागू नहीं हो सकेगा।

दूसरे चरण में नेट रन रेट (एनआरआर) को आधार बनाया जाता है। हालांकि, मैच खेले ही नहीं जाएंगे तो नेट रन रेट भी सभी टीमों का समान रहेगा। तीसरा नियम हेड–टू–हेड परिणामों का होता है, लेकिन जब टीमें आमने–सामने खेल ही नहीं पाएंगी, तो यह पैमाना भी बेअसर रहेगा। ऐसी असाधारण स्थिति में चौथा और अंतिम विकल्प लागू होता है–आईसीसी मेन्स टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम रैंकिंग। नियमों के अनुसार एक निर्धारित कट–ऑफ तारीख तक की रैंकिंग के आधार पर ग्रुप की अंतिम स्थिति तय की जाती है। 6 फरवरी 2026 तक की रैंकिंग को आधार माना जाएगा। उपलब्ध रैंकिंग के अनुसार इंग्लैंड दूसरे और न्यूजीलैंड

### सुपर–8 रद्द होने पर ऐसे तय होंगे सेमीफाइनलिस्ट

चौथे स्थान पर थे, जबकि पाकिस्तान छठे और श्रीलंका आठवें स्थान पर काबिज थे। इसका सीधा अर्थ है कि यदि सुपर–8 ग्रुप–2 के सभी मैच रद्द हो जाते हैं, तो इंग्लैंड और न्यूजीलैंड सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएंगे, जबकि पाकिस्तान और मेजबान श्रीलंका को बाहर होना पड़ेगा। हालांकि, सभी मुकाबलों के रद्द होने की संभावना कम मानी जा रही है, लेकिन लगातार बारिश ने इस आशंका को जन्म दे दिया है। यदि ऐसा होता है, तो यह क्रिकेट इतिहास की दुर्लभ घटनाओं में से एक होगा, जहां मैदान पर प्रदर्शन के बजाय मौसम और रैंकिंग से सेमीफाइनलिस्ट तय होंगे। फिलहाल सबकी निगाहें कोलंबो के आसमान पर टिकी हैं।

### ब्राइडल लुक में तान्या मित्तल का वीडियो वायरल

# क्या सच में बजने वाली है तान्या के घर शहनाई?



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 से चर्चा में आईं इन्फ्लुएंसर तान्या मित्तल इन दिनों अपनी लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम पर दो बैक–टू–बैक वीडियो शेयर किए, जिनमें उनका ब्राइडल अवतार देख फैंस कयास लगाने लगे कि क्या वह जल्द दुल्हन बनने वाली हैं। पहले वीडियो में तान्या लाल रंग के खूबसूरत ब्राइडल लहंगे में ट्रायल रूम से बाहर आती नजर आ रही हैं। वह मुस्कुराते हुए झूमती दिखती हैं और कैप्शन में लिखती हैं, "तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।" इस एक लाइन ने इंटरनेट पर हलचल मचा दी। फैंस ने इसे शादी की तैयारियों का संकेत मान लिया।

इसके तुरंत बाद उन्होंने नीले रंग के लहंगे में एक और वीडियो साझा किया। इस बार उन्होंने मजाकिया अंदाज में पूछा, "आप लोगों को ऐसा तो नहीं लग रहा कि बिग बॉस फिर से शुरू हो गया है?" साथ ही कैप्शन में लिखा, "क्या ये लहंगा उनको पसंद आएगा?" इस 'उनको' शब्द ने सस्पेंस और बढ़ा दिया। फॉलोअर्स अब यह जानने को उत्सुक हैं कि आखिर वह किसकी बात कर रही हैं।

हालांकि, तान्या ने अभी तक शादी को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। न दूल्हे की पहचान सामने आई है और न ही शादी की तारीख। ऐसे में यह भी संभव है कि यह किसी ब्राइडल फोटोशूट, प्रमोशनल प्रोजेक्ट या नए सरप्राइज का हिस्सा हो।

तान्या मित्तल एक जानी–मानी एंटरप्रेन्योर और सोशल मीडिया पर्सनालिटी हैं। वह अपना ब्रांड भी चलाती हैं और सोशल मीडिया पर उनकी बड़ी फैन फॉलोइंग है। रियलिटी शो में आने के बाद उनकी लोकप्रियता और बढ़ी। फिलहाल, तान्या के इन ब्राइडल वीडियोज ने फैंस की उत्सुकता चरम पर पहुंचा दी है। अब सबकी नजरें उनके अगले पोस्ट पर टिकी हैं–क्या सच में शहनाई बजने वाली है या यह सिर्फ एक स्टाइलिश सस्पेंस है?

### भारतीय कोच राहुल द्रविड़ की चौंकाने वाली भविष्यवाणी

# भारत के साथ जिम्बाब्वे फाइनल में?




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बीच पूर्व भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने एक ऐसी भविष्यवाणी की है जिसने क्रिकेट फैंस का ध्यान खींच लिया है। दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान या श्रीलंका जैसी पारंपरिक मजबूत टीमों के बजाय द्रविड़ ने भारत के साथ फाइनल में "छुपी रुस्तम" जिम्बाब्वे को देखने की इच्छा जताई है।

द्रविड़ का मानना है कि अगर भारत और जिम्बाब्वे के बीच फाइनल होता है, तो यह विश्व क्रिकेट के लिए बेहद खास क्षण होगा। उन्होंने कहा कि छोटी या उभरती टीमों का बड़े मंच पर पहुंचना खेल के वैश्विक विस्तार का संकेत है। जिम्बाब्वे ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई बड़े उलटफेर किए हैं, जिससे उसकी दावेदारी मजबूत हुई है।

पूर्व कोच ने भारतीय टीम की गहराई को उसकी सबसे बड़ी ताकत बताया। उनके मुताबिक भारत किसी एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं है, बल्कि टीम में पर्याप्त संतुलन और विकल्प मौजूद हैं। टी20 क्रिकेट को उन्होंने सबसे अनिश्चित फॉर्मेट बताया, जहां किसी भी दिन मैच का रुख बदल सकता है।

ऐसे में टीम इंडिया को अपने गेम प्लान पर टिके रहने और प्रक्रिया पर भरोसा रखने की सलाह दी।


जिम्बाब्वे ने इस वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को हराकर सबको चौंकाया। इसके अलावा अन्य मुकाबलों में भी उसने दमदार खेल दिखाया है। द्रविड़ ने कहा कि अगर जिम्बाब्वे जैसी टीम फाइनल में पहुंचती है, तो यह उस देश के क्रिकेट इतिहास का सुनहरा अध्याय होगा। इससे यह संदेश जाएगा कि क्रिकेट अब कुछ चुनिंदा देशों तक सीमित नहीं रहा।

उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि इस टूर्नामेंट की सबसे बड़ी खासियत एसोसिएट और उभरती टीमों का प्रदर्शन रहा है। कई छोटी टीमों ने बड़ी टीमों को कड़ी चुनौती दी है, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और रोमांच दोनों बढ़े हैं।

द्रविड़ की इस भविष्यवाणी ने क्रिकेट जगत में नई बहस छेड़ दी है। अब देखना यह है कि क्या टूर्नामेंट में सचमुच कोई बड़ा उलटफेर देखने को मिलता है या फिर पारंपरिक दिग्गज टीमें ही खिताबी मुकाबले में आमने–सामने होंगी।




# लिवर कैंसर के बाद दीपिका कक्कड़ की तबीयत फिर बिगड़ी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ एक बार फिर स्वास्थ्य समस्याओं के कारण चर्चा में हैं। कुछ समय पहले ही लिवर कैंसर का लंबा इलाज और 14 घंटे की सर्जरी झेलने के बाद वह कैंसर मुक्त हुई थीं, लेकिन अब अचानक तेज पेट दर्द के कारण उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। उनके पति और अभिनेता शोएब इब्राहिम ने जानकारी दी कि दीपिका को अचानक रात में तेज दर्द उठा, जिसके बाद डॉक्टर से संपर्क किया गया। सीटी स्कैन में पेट में 13 मिमी का सिस्ट (गांठ) पाया गया है। फिलहाल डॉक्टर इसे सिस्ट बता रहे हैं और एक छोटे प्रोसीजर के जरिए इसे जलाने (एब्लेशन) की तैयारी है। इसके लिए दीपिका को तीन–चार दिन अस्पताल में भर्ती रहना पड़ सकता है।

### पेट में सिस्ट के चलते अस्पताल में भर्ती

दीपिका ने बताया कि पिछले दो दिनों से उन्हें पेट के साथ कंधे में भी दर्द महसूस हो रहा था, जिससे परिवार चिंतित हो गया। हालांकि डॉक्टरों के अनुसार बाईं ओर का कंधे का दर्द सीधे सिस्ट से जुड़ा नहीं है। राहत की बात यह है कि स्कैन में लिवर या शरीर के अन्य हिस्सों में कोई नई गंभीर समस्या नहीं मिली है। ब्लड रिपोर्ट में एएफपी (अल्फा–फेटोप्रोटीन) स्तर थोड़ा बढ़ा हुआ पाया गया है, जो पहले हुए ट्यूमर के संदर्भ में चिंता बढ़ाता है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और घबराने की जरूरत नहीं है। परिवार सावधानी बरतते हुए आगे की चिकित्सा प्रक्रिया के लिए तैयार है।

# 90 करोड़ की फिल्म को नहीं मिला दर्शकों का प्यार



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड में स्टार पावर और बड़ा बजट हमेशा सफलता की गारंटी नहीं होते। साल 2025 में रिलीज हुई फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी इसका ताजा उदाहरण बन गई। करीब 90 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस रोमांटिक ड्रामा में कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की जोड़ी को बड़े पर्दे पर उतारा गया था। फिल्म को क्रिसमस के मौके पर रिलीज किया गया और प्रमोशन में भी कोई कमी नहीं छोड़ी गई। हालांकि, ट्रेलर और गानों को अच्छी प्रतिक्रिया मिलने के बावजूद फिल्म सिनेमाघरों में दर्शक जुटाने में नाकाम रही। रिलीज के बाद से ही शो खाली नजर आए और निगेटिव रिव्यूज़ का असर कलेक्शन पर साफ दिखा।

कमजोर कहानी और साधारण पटकथा को फिल्म की सबसे बड़ी कमी माना गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर लगभग 30 करोड़ और वर्ल्डवाइड करीब 48 करोड़ रुपये का ही कारोबार किया। इस तरह यह अपनी लागत तक नहीं निकाल पाई और साल की बड़ी फ्लॉप फिल्मों में शामिल हो गई।

# प्रधानमंत्री ने मेरठ में नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो का किया उद्घाटन






## मोदी ने कहा, यह विकसित भारत की कनेक्टिविटी का प्रतीक

**यूनिक समय, मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमो भारत ट्रेन रैपिड रेल और मेट्रो का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं एनसीआर के लोगों की यात्रा को आसान, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाएंगी। पीएम मोदी ने इसे विकसित भारत की कनेक्टिविटी का प्रतीक बताया और कहा कि शहर के भीतर मेट्रो और टूविन सिटी के विजन को गति देने के लिए यह आधुनिक ट्रेन अहम है।

पीएम मोदी ने रैपिड रेल को नारी शक्ति के सामर्थ्य का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि स्टेशन कंट्रोल और ट्रेन ऑपरेशन में अधिकांश काम बेटियों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत अब मेट्रो नेटवर्क के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है। उत्तर प्रदेश में मेरठ के अलावा कई अन्य शहरों में भी मेट्रो काम चल रहा है, जिससे देशवासियों को सुविधा और सुरक्षा मिल रही है।

पीएम मोदी ने कांग्रेस और सपा सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि बीते समय में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स घोटालों में खो जाते थे, लेकिन भाजपा सरकार ने घोटाले रोककर देश को आत्मनिर्भर बनाया। उन्होंने बताया कि मेरठ, गाजियाबाद और आनंद विहार के स्टेशनों पर रेल, मेट्रो और बस अड्डों को एकीकृत किया गया है। इससे एक ही प्लेटफॉर्म से शहर के भीतर और दिल्ली तक यात्रा संभव होगी। पीएम मोदी ने अकसमिट का जिक्र करते हुए कहा कि भारत के वैश्विक स्तर पर सफल होने के बावजूद कांग्रेस ने इसे राजनीति का मंच बना दिया। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को वैचारिक रूप से दिवालिया और खोखला करार दिया। उन्होंने नसीहत दी कि प्रधानमंत्री बनने के लिए जनता का दिल जीतना पड़ेगा, केवल पार्लियामेंट में सीट कब्जा करना पर्याप्त नहीं है।

पीएम मोदी ने चौधरी चरण सिंह के विजन का जिक्र करते हुए कहा कि यूपी के किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 95 हजार करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। उन्होंने इस परियोजना को विकसित भारत और ग्रामीण विकास का उदाहरण बताया। कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री ने मेरठ रैपिड रेल उद्घाटन के अवसर पर इंफ्रास्ट्रक्चर, नारी सशक्तिकरण, वैश्विक मान्यता और राजनीतिक नसीहत का समन्वय प्रस्तुत किया।

# यूपीएससी अभ्यर्थी मनीष की प्रेम-प्रसंग में हत्या





**यूनिक समय, इटावा।** जिले में यूपीएससी की तैयारी कर रहे मनीष यादव की नृशंस हत्या की वारदात सामने आई है। 19 फरवरी को रेलवे ट्रैक से बोरी में बंद क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जांच के बाद सुलझा लिया। मृतक मनीष 18 फरवरी से लापता था और उसके प्रेम संबंध रामपुर में तैनात महिला ट्रेनी सिपाही से थे।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि मनीष के प्रेम संबंध से नाराज महिला का भाई, सीआरपीएफ जवान अभिषेक यादव अपने साथियों के साथ मिलकर मनीष का अपहरण कर उसे गोली मारने के बाद हत्या कर दी। मुख्य आरोपी ने अपनी बहन के प्रेम संबंध को प्रतिष्ठा का मसला मानते हुए यह हत्या सुनियोजित तरीके से अंजाम दी।

हत्या के बाद आरोपियों ने सबूत मिटाने के लिए शव को टुकड़े करके रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। इस कठोर वारदात में शामिल अन्य आरोपी भी फरार हैं। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल कार के मालिक दीपक को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी अभिषेक यादव और विपिन की तलाश जारी है। इटावा पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है। शव की बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपियों की भूमिका स्पष्ट कर दी है और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में शामिल सभी दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। मनीष की हत्या की पटकथा पूरी तरह प्रेम और प्रतिष्ठा के इर्द-गिर्द बुनी गई थी।

# मैनपुरी में वोट कटने पर हिंसक झड़प, दर्जन से ज्यादा घायल



**यूनिक समय, मैनपुरी।** जिले के बरनाहल थाना क्षेत्र के ग्राम भाई खा में एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची से वोट कटने को लेकर दो पक्षों में हिंसा हुई। विवाद तब शुरू हुआ जब मोहम्मद जहूर ने मोहल्ले के बीएलओ गयाश अहमद के भाई पर आरोप लगाया कि उन्होंने जानबूझकर कुछ वोट काटे। इससे गहमागहमी बढ़ी और स्थिति जल्दी ही नियंत्रण से बाहर हो गई।

विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने आपस में जमकर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलाए। इस झड़प में 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि लोग ईंट-पत्थर और लाठियों से एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं, कई घायल मौके पर ही दर्द से चिल्ला रहे थे। भीड़ भी काफी जमा हो गई, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। जानकारी के अनुसार, यह विवाद केवल वोट कटने तक सीमित नहीं था। इसमें एक पक्ष पूर्व ग्राम प्रधान और दूसरा वर्तमान प्रधान का है। मतदाता सूची में वोट कटने के बाद आरोप लगा कि जानबूझकर वोटों को काटा गया, जिससे पुरानी रंजिश फिर उभर आई और गांव का माहौल रणभूमि जैसा बन गया।

हिंसा के बाद दोनों पक्ष के लोग थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारियों की संभावना जताई जा रही है। यह घटना मैनपुरी में मतदाता सूची से जुड़े तनाव और स्थानीय रंजिश के मिलेजुले कारणों को उजागर करती है। गांव में रकफ के कारण उत्पन्न यह विवाद सामाजिक तनाव और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की संवेदनशीलता को भी दर्शाता है।

# झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही से दो मरीजों की मौत


**यूनिक समय, कानपुर।** बिल्हौर और चौबेपुर क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से दो बुखार पीड़ितों की मौत हो गई। घटना से परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए और क्लीनिक संचालकों के खिलाफ हंगामा करने लगे। पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराने की कोशिश कर रही थी, लेकिन परिजन कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।


बोझा गांव के दिनेश गौतम (58) को दो दिन से बुखार था। परिजन उन्हें भौसाना गांव स्थित मेडिकल स्टोर और क्लीनिक संचालक चमन के पास लेकर गए। आरोप है कि रुपये ऐंठने और बुखार जल्दी उतारने के लिए चमन ने दिनेश को गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद चमन मौके से फरार हो गया। इसी तरह चौबेपुर कस्बे के रहमतनगर निवासी सत्तार (35) को भी बुखार था। परिजन उन्हें मेडिकल स्टोर व क्लीनिक संचालक आशीष कुमार के पास ले गए, जहां गलत इंजेक्शन लगाने से उनकी मौत हो गई। दोनों मामलों में परिजन ने क्लीनिक संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने और परिजनों को समझाने का प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर मामले की जांच की जाएगी। अभी तक परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है, लेकिन तहरीर मिलने पर झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भौसाना और चौबेपुर के रहमतनगर मोहल्ले में हुई यह मौतें झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही और ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित स्वास्थ्य सेवा की कमी को उजागर करती हैं।

# युवक की सड़क हादसे में मौत

**यूनिक समय, अलीगढ़।** अतरौली के गांव कल्याण नगर में साली की शादी के मौके पर जीजा सचिन की हादसे में मौत हो गई। 25 वर्षीय सचिन अपने रिश्तेदार को अतरौली रोडवेज बस स्टैंड पर छोड़ने गए थे, तभी तेवतू के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। मृत्यु की सूचना पर शादी वाले घर में कोहराम मच गया। साली की विदाई के समय खुशियों के बीच मातम छा गया। गमगीन माहौल में दुल्हन की विदाई कराई गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक सचिन के दो बेटे हैं।

# दबंगों ने दलित परिवार पर किया हिंसक हमला, पांच घायल





**यूनिक समय, कानपुर।** घाटमपुर क्षेत्र के सरगांव गांव में एक मामूली विवाद ने गंभीर हिंसा का रूप ले लिया। ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों के बीच बहस हुई, जो जल्दी ही लाठी, डंडे और कुल्हाड़ियों से मारपीट में बदल गई। इस झड़प में कम से कम पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने दलित परिवार के घर के बाहर झोपड़ी में आग लगा दी, जिससे घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात काबू में किए। घायलों को तत्काल घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें कानपुर के बड़े अस्पताल में रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में जानकारी मिलने पर घाटमपुर की विधायक सरोज कुरील अस्पताल पहुंचीं और घायलों से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी ली। दलित परिवार ने बताया कि हमलावरों ने गड़ासे, डंडे और कुल्हाड़ियों से मारपीट की, बाल पकड़कर नोचा और झोपड़ी में आग लगा दी। विधायक सरोज कुरील ने इस घटना की कड़ी निंदा की और डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया।

पुलिस का कहना है कि यह मामला सजेती थाना क्षेत्र का है और प्रारंभिक जांच में पुरानी रंजिश सामने आई है। पुलिस ने मौके से सबूत जुटाए हैं और संदिग्धों की तलाश जारी है। जांच पूरी होने के बाद उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। यह घटना क्षेत्र में सामाजिक तनाव और पुरानी रंजिश की गंभीरता को उजागर करती है और पुलिस तथा प्रशासन के लिए चुनौती पेश करती है।

# अविमुक्तेश्वरानंद पर यौन शोषण का आरोप, पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज

**यूनिक समय, प्रयागराज।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ गंभीर यौन शोषण का मामला सामने आया है। आशुतोष ब्रह्मचारी, जो स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य हैं, ने दो नाबालिगों की ओर से अविमुक्तेश्वरानंद पर आरोप लगाते हुए झूंसी थाने में तहरीर दी थी। आरोपों के अनुसार, गुरुकुल और धार्मिक शिविरों की आड़ में बच्चों के यौन उत्पीड़न की घटनाएं हुई हैं।



एफआईआर दर्ज न होने पर 28 जनवरी को जिला कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई। 21 फरवरी को एडीजे रेप एंड पॉक्सो स्पेशल कोर्ट ने अर्जी मंजूर करते हुए अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद झूंसी थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 समेत कई धाराओं में ाक्क़दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एफआईआर में शंकराचार्य के शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी का भी नाम शामिल है। पुलिस अब इस मामले में अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से पूछताछ कर सकती है। प्रारंभिक जांच में आरोपों की पुष्टि और सबूत जुटाने पर ध्यान दिया जा रहा है।

आशुतोष ब्रह्मचारी का आरोप है कि अविमुक्तेश्वरानंद बच्चों को गुरुकुल और शिविरों में शारीरिक और यौन रूप से उत्पीड़ति करते थे। इस एफआईआर के बाद मामला सार्वजनिक और कानूनी दोनों स्तर पर गंभीर हो गया है। सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं में बच्चों की सुरक्षा और बाल उत्पीड़न की घटनाओं पर चिंता बढ़ गई है। पुलिस और कोर्ट दोनों ही मामले की गहन जांच कर रहे हैं, और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# कोचिंग जा रहे छात्र की पिकअप की ठोकर से मौत, तीन घंटे तक लगा जाम

**यूनिक समय, गोरखपुर।** सहजनवां थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह वार्ड नंबर 13 डुमरी निवासी 20 वर्षीय शिवम मद्धेशिया की सड़क हादसे में मौत हो गई। शिवम घर से बाइक से कोचिंग पढ़ने घघसरा जा रहा था। जैसे ही वह घघसरा बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली ठर्रापार ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिवम तीन भाइयों में मंझला था और उसके पिता दिनेश मद्धेशिया गांव-गांव गल्ले की खरीदारी करते हैं। बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। हादसे की खबर पाकर परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। उन्होंने सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक घघसरा बाजार में सड़क जाम कर दिया।

प्रदर्शनकारी आरोपी पिकअप चालक की गिरफ्तारी और वाहन बरामदगी की मांग कर रहे थे। सूचना पर थाना प्रभारी महेश चौबे, चेयरमैन प्रभाकर दुबे, एसडीएम केशरी नंदन तिवारी और सीओ गीडा अरुण कुमार एसके मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलाने और आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

## सार संक्षेप

### भारतीय तटरक्षक बल ने ईरानी नाव पकड़ी, पांच करोड़ की सिगरेट जब्त

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने 21 फरवरी को द्वारका से 115 समुद्री मील पश्चिम में ईईजेड में एक ईरानी चालक दल वाली संदिग्ध नाव को रोका। तलाशी में नाव के निचले हिस्से से 200 कार्टन यानी लगभग एक लाख पैकेट विदेशी ब्रांड की सिगरेट बरामद हुई, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत 2.5-5 करोड़ रुपये आंकी गई। नाव और चालक दल को हिरासत में लेकर पोरबंदर जांच के लिए भेजा गया।

### कांग्रेस ने अमेरिकी व्यापार समझौते पर सरकार पर बोला हमला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। जयराम रमेश ने इसे "अबकी बार ट्रंप से हार" कहा और समझौते को ठंडे बस्ते में डालने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह समझौता एकतरफा है और भारत ने ज्यादा रियायतें दी हैं। रेमेश ने चेतावनी दी कि सोयाबीन, मक्का, फल, मेवा और कपास जैसे कृषि उत्पादों पर इसका नकारात्मक असर जम्मू-कश्मीर, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश के किसानों पर पड़ेगा।

### अरुणाचल और कर्नाटक में सड़क हादसे: एक की मौत पूर्व विधायक घायल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के शी-योमी जिले में रविवार तड़के एक एसयूवी खाई में गिर गई, जिसमें एक व्यापारी संदीप कुमार साइन (40) की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। वाहन वेस्ट सियांग की ओर जा रहा था। कर्नाटक के मांड्या जिले में नागमंगला के पूर्व विधायक सुरेश गौड़ा कार हादसे में घायल हो गए, उनका हाथ टूटा। चालक भी घायल हुआ। दोनों को बंगलूरू के मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक में अफगानिस्तान में 19 की मौत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के गनी खेलो और गरदा सामिया जिलों में एयरस्ट्राइक कर 19 आम लोगों की मौत कर दी, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है। हवाई हमले रिहायशी इलाकों और मदरसों पर किए गए, मदरसा पूरी तरह तबाह हो गया। पाकिस्तान ने दावा किया कि यह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और इस्लामिक स्टेट–खोरासान के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए किया गया था। अंतरराष्ट्रीय जांचें पाकिस्तान पर लगातार दबाव डाल रही हैं।

### उद्धव ठाकरे की कांग्रेस से बातचीत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच पेच फंस गया है। शिवसेना यूबीटी राज्यसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार भेजना चाहती है, जबकि शरद पवार की पार्टी भी इसमें रुचि दिखा रही है। उद्धव ठाकरे सीधे कांग्रेस हाईकमान से बातचीत कर रहे हैं, ताकि अपना उम्मीदवार राज्यसभा में भेज सकें। एमवीए के पास 46 विधायक हैं और एक सीट के लिए 37 वोट चाहिए। कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी से विधान परिषद चुनाव में मदद की मांग कर रही है, जो डील को जटिल बना रही है।

## साइबर ठगी से रहें सावधान, पासवर्ड समय-समय पर बदलें

# पीएम मोदी की 'मन की बात' में अहम सलाह



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 131वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में उन्होंने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बात रखी, जिनमें एआई समिट, टी 20 वर्ल्ड कप में भारतीय मूल के खिलाड़ियों की सफलता और साइबर ठगी जैसे विषय शामिल थे। प्रधानमंत्री मोदी ने साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए लोगों को सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि अक्सर वरिष्ठ नागरिकों और कारोबारियों को ठग लिया जाता है। वह बोले, "कई बार पता चलता है कि किसी सीनियर सिटीजन की जीवनभर की कमाई ठग ली गई, या फिर व्यवसायियों से धोखाधड़ी की खबरें आती हैं।"

पीएम मोदी ने खासकर ओटीपी, आधार नंबर और बैंक खाता जानकारी से संबंधित सतर्कता बढ़ाने की जरूरत को बताया। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी जानकारी साझा न करें। साइबर सुरक्षा को लेकर पीएम मोदी ने एक और महत्वपूर्ण टिप दी। उन्होंने कहा, आपका पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहना बेहद जरूरी है। जैसे हम मौसम के हिसाब से खानपान और पहनावा बदलते हैं, वैसे ही पासवर्ड भी बदलते रहें। यह सलाह विशेष रूप से तब महत्वपूर्ण है जब साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। मोदी ने यह भी कहा कि लोग अपनी सुरक्षा के लिए इन छोटे कदमों को अपनाकर खुद को ठगी से बचा सकते हैं।

# बोलेरो और ट्रक की टक्कर पांच पुलिसकर्मियों की मौत



### घायल पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में रविवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हुआ। झारसुगुड़ा सदर थाने के पास तेज रफ्तार ट्रक और बोलेरो के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे पांच पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में तीन अन्य पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

टक्कर इतनी भयंकर थी कि बोलेरो पूरी तरह चकनाचूर हो गई, जिससे वाहन में सवार पुलिसकर्मियों को संभलने का मौका भी नहीं मिला। मृतकों की पहचान एपीआर (आर्म्ड पुलिस रिजर्व) के जवान काशीराम भोई, देवदत्त सा, निरंजन कुजूर, लिंगराज धुरुआ और भक्तबंधु मिर्धा के रूप में हुई है। ये सभी मौके पर ही शहीद हो गए। घायल पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर बताई जा रही है, और उनका इलाज झारसुगुड़ा जिला अस्पताल में चल रहा है। ट्रक का ड्राइवर भी घायल है और उसका इलाज जारी है। घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है। अतिरिक्त एसपी मधुस्मिता मिश्रा ने बताया कि हादसा सुबह लगभग 4 बजे हुआ और मामले की जांच की जा रही है।

## असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा ने जॉइन की भाजपा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** असम विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। कांग्रेस के दिग्गज नेता भूपेन कुमार बोरा ने पार्टी से इस्तीफा देने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जॉइन कर ली है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया की उपस्थिति में भूपेन बोरा ने पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। यह जॉइनिंग समारोह असम बीजेपी के मुख्यालय 'वाजपेयी भवन' में आयोजित किया गया।

भूपेन बोरा ने 16 फरवरी को कांग्रेस से इस्तीफा दिया था, लेकिन पार्टी आलाकमान ने उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया था। राहुल गांधी और अन्य सीनियर नेता उनके घर गए थे, और बोरा



से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की थी। हालांकि, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने उन्हें आश्वस्त किया और 22 फरवरी को बीजेपी में शामिल होने की घोषणा की। इस राजनीतिक बदलाव से असम में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल और बढ़ गई है।

## शिमला होटल में ब्रिटिश पर्यटक का शव मिला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** शिमला के लोअर कैथू इलाके में एक होटल के कमरे में 86 वर्षीय ब्रिटिश पर्यटक का शव मिला है। होटल कर्मचारियों ने बताया कि बुजुर्ग पर्यटक का कमरा अंदर से बंद था। कई बार आवाज लगाने और दरवाजा खटखटाने के बाद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो होटल कर्मचारियों ने अतिरिक्त चाबी से दरवाजा खोला। अंदर जाकर देखा तो बैरी एल्विन मॉस फर्श पर बेसुध पड़े थे। पुलिस को सूचना मिलते ही एक विशेष टीम मौके पर पहुंची और मृतक को आईजीएमसी अस्पताल भेजा, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान बैरी एल्विन मॉस के रूप में हुई है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया।

## एसआईआर प्रक्रिया के तहत 1.70 करोड़ मतदाताओं के नाम कटे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय निवाचन आयोग (ईसी) के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर बदलाव किए गए हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इन राज्यों में मतदाताओं की संख्या में कुल 1.70 करोड़ की कमी आई है। पिछले साल 27 अक्टूबर से शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया के बाद, गुजरात में सबसे अधिक 68,12,711 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। इसके परिणामस्वरूप, राज्य में मतदाताओं की संख्या 5.08 करोड़ से घटकर 4.40 करोड़ रह गई, जो कि 13.40 प्रतिशतकी गिरावट है।

इसके बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी बड़ी गिरावट देखी गई। मध्य प्रदेश में 34,25,078, राजस्थान में 31.36 लाख और छत्तीसगढ़ में लगभग 24.99 लाख मतदाताओं के नाम




### गुजरात में सबसे बड़ी गिरावट

कटे हैं। केंद्र शासित प्रदेशों में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 52,364, पुडुचेरी में 77,367 और लक्षद्वीप में 206 मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं।

निर्वाचन आयोग ने यह स्पष्ट किया कि ये बदलाव उन अपात्र मतदाताओं को सूची से हटाने के बाद हुए हैं, जिन्हें नए पात्र मतदाताओं की संख्या के साथ समायोजित किया गया है। एसआईआर प्रक्रिया का अगला चरण अभी यह प्रक्रिया 12 राज्यों में चल रही है, और अगले चरण की शुरुआत अप्रैल में होगी।

## ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में दागी सय्याद–3जी मिसाइल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ बढ़ते परमाणु और सैन्य तनाव के बीच ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में सय्याद-3जी मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस अभ्यास का संचालन इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (क्रॠ) नेवी के "स्मार्ट कंट्रोल ऑफ द स्ट्रेट ऑफ होर्मुज" प्रोजेक्ट के तहत किया। इस कदम ने क्षेत्र में विरोधियों में खलबली मचा दी और ईरानी समुद्री सुरक्षा क्षमता को नया आयाम दिया। सय्याद–3जी मिसाइल शहीद सय्याद शिराजी युद्धपोत से लॉन्च की गई, जो शहीद सोलेमानी-क्लास का तीसरा जहाज है। यह मिसाइल नौसैनिक वर्जन है और वर्टिकल लॉन्च सिस्टम (वीएलएस) से लैस है। इसकी रेंज लगभग 150 किलोमीटर है और यह फाइटर जेट, ड्रोन, पैट्रोल एयरक्राफ्ट और कुछ क्रूज मिसाइलों को डिटेक्ट और नष्ट करने में सक्षम है। शहीद सय्याद शिराजी जहाज पर छह श्छर साइलो हैं, जिससे यह जहाज मोबाइल एयर डिफेंस हब बन जाता है। इस प्रकार जहाज के चारों ओर 150 किमी का एयर डिफेंस कवच बनता है, जो होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान की सामरिक स्थिति को मजबूत करता है।

आईआरजीसी अधिकारियों ने कहा कि यदि ईरान के क्षेत्र पर कोई हमला हुआ या गोलीबारी की गई, तो अमेरिका और उसके सहयोगियों की संपत्तियों और हितों पर निर्णायक जवाबी कार्रवाई की जाएगी।

## नेपाल के कोशी प्रांत में 4.1 तीव्रता का भूकंप, स्थानीय लोग सहमे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नेपाल के कोशी प्रांत में रविवार सुबह रिक्टर पैमाने पर 4.1 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। नेशनल अर्थक्केक मॉनिटरिंग एंड रिसर्च सेंटर के अनुसार यह भूकंप सुबह 7:31 बजे आया और इसका केंद्र संखुवासभा जिले के रिताक क्षेत्र में था। भूकंप के झटकों से स्थानीय लोग सहम गए, हालांकि किसी बड़े नुकसान या क्षति की रिपोर्ट नहीं मिली। भूकंप के झटके पड़ोसी जिलों ताप्लेजुंग और भोजपुर में भी महसूस किए गए।

संखुवासभा नेपाल की राजधानी काठमांडू से लगभग 475 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। यहां आए हल्के भूकंप ने स्थानीय लोगों में भय और दहशत पैदा कर दी। नेपाल में हाल के महीनों में भूकंप की घटनाओं में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। इससे पहले 11 जनवरी को लमजुंग जिले के पास



बन्सर क्षेत्र में 3.9 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था।

नेपाल दुनिया के सबसे भूकंप–प्रवण देशों में से एक है और यह स्थान 11वें नंबर पर आता है। हिमालय क्षेत्र में स्थित होने के कारण नेपाल भारतीय और यूरेशियन प्लेटों की टेक्टॉनिक गतिविधियों से प्रभावित होता है। इन प्लेटों के टकराने के कारण यहां हल्के और कभी–कभी मध्यम तीव्रता के भूकंप आते रहते हैं। हालांकि 4.1 तीव्रता का भूकंप आमतौर पर कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाता, लेकिन नेपाल की भूकंप-संवेदनशीलता के कारण स्थानीय लोग सतर्क रहते हैं। स्थानीय प्रशासन ने फिलहाल कोई चोट या जान–माल के नुकसान की सूचना नहीं दी है।

भूकंप के बाद लोगों ने सुरक्षा के लिहाज से खुले स्थानों में रहना शुरू कर दिया। भूकंप विशेषज्ञों का कहना है कि नेपाल में लगातार हल्के भूकंपों का होना सामान्य है, लेकिन बड़े भूकंप की संभावना को देखते हुए सतर्क रहना आवश्यक है।

यह घटना नेपाल में भूकंप सुरक्षा और जागरूकता की आवश्यकता को फिर से उजागर करती है, ताकि भविष्य में किसी भी अप्रत्याशित भूकंप की स्थिति में नुकसान को कम किया जा सके।

# देशभर में आतंकी साजिश का खुलासा, आठ संदिग्ध गिरफ्तार




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पाकिस्तान और बांग्लादेश से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। इस मामले में आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया, जिनका कनेक्शन बांग्लादेश स्थित आतंकवादी शब्बीर अहमद से था। शब्बीर ने इन संदिग्धों को गाइड कर दिल्ली समेत कई शहरों में आतंकी हमले की योजना बनाई थी।

स्पेशल सेल के एडिशनल कमिश्नर प्रमोद सिंह कुशवाहा के मुताबिक, सात फरवरी को दिल्ली में एंटी नेशनल पोस्टर लगाए गए थे। इन पोस्टरों को लगाने का आदेश बांग्लादेश में बैठकर शब्बीर अहमद ने दिया था। इसके बाद पुलिस ने कलकत्ता से दो संदिग्धों, उमर फारुक और रॉबिन उल इस्लाम को गिरफ्तार किया। इन दोनों ने दिल्ली और कलकत्ता में पोस्टर लगाए थे। संदिग्धों के पास से कई वीडियो और मोबाइल फोन मिले हैं, जिनसे पता चला कि वे देश के विभिन्न शहरों में आतंक फैलाने की योजना बना रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, लश्कर-ए-तैयबा समूह ने इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईडी) से हमले की तैयारी की थी। केंद्रीय एजेंसियां इस मामले में जांच कर रही हैं।

### अंडरपास से ले गए बस, हाथ देने पर भी नहीं रुकी

# शिकायत के बाद एआरएम ने परिचालक और बस स्वामियों पर की कार्रवाई

संवाददाता

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** सर्विस रोड के बजाय अंडरपास से बस निकाली। सवारी ने हाथ दिया, लेकिन नहीं रुकी। ऐसी शिकायत मिलने के बाद सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने दो परिचालक और बस स्वामियों पर जुर्माने की कार्रवाई की है। दोनों पर पर निगम की छवि धूमिल करने का आरोप भी है। कस्बा के लोग रोडवेज बसों के लिए करीब आधा किलोमीटर का सफर तय करने के बाद अंडर पास के किनारे राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचते हैं, जहां से उनको मथुरा–आगरा



जाने को रोडवेज की बसें मिलती हैं। सर्विस मार्ग से बस नहीं निकालने वाले परिचालक और बस चालक मनमानी पर आमादा है। अंडरपास की करीब आधा किलोमीटर की दूरी नापने के बाद यात्रियों को हाथ देने के बाद भी बस नहीं मिलतीं हैं। यात्री द्वारा हाथ दिए जाने के बाद भी चालक अनदेखा

### दोनों पर अलग–अलग लगाया जुर्माना, वेतन और देयक से कटौती के दिए निर्देश

करके बस को भगा ले जाते हैं। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मदन मोहन शर्मा ने बताया कि निर्देश के बाद भी चालक और परिचालक फरह कस्बा के सर्विस मार्ग से बसों को नहीं ले जा रहे हैं, निगम की छवि को धूमिल कर रहे हैं, जबकि उनको प्रत्येक स्टापेज पर बस रोकने के निर्देश दिए गए हैं। अंडरपास से बस निकालने के बाद भी सवारियां नहीं उठाते हैं। ऐसे में उन्होंने बस संख्या यूपी 85– एटी 3219 के परिचालक राजीव पर पांच सौ रुपये का जुर्माना लगाया है और अनुबंधित बस के स्वामी पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। एक अन्य शिकायत पर उन्होंने बस संख्या यूपी 85–एटी 4089 के संविदा परिचालक अनिल पर सही कर्तव्य पालन नहीं करने पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया है, जबकि बस मालिक पर भी एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# डीएम–एसएसपी ने किया पर्यटन थाने का निरीक्षण



पर्यटन थाने का निरीक्षण करते जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश और एसएसपी श्लोक कुमार।

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन में नव निर्मित पर्यटन थाने व बैरक का आज जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने निरीक्षण किया। वहां बनी बैरक और थाने को देखा। निरीक्षण के बाद मिलने वाली कमियों को दूर करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

# कुसुम सरोवर पर छात्र–छात्राओं पर हुई पुष्प वर्षा



कुसुम सरोवर पर महंत रामदास शुक्ला महाराज विद्यार्थियों पर फूल बरसाते हुए।

संवाददाता

**यूनिक समय, गोवर्धन।** श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर चल रहा है। शिविर में विद्यार्थी कुसुम सरोवर पर पहुंचे। महंत रामदास शुक्ला महाराज ने एनएसएस के सभी विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, स्टाफ सदस्यों का पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। सभी विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने आपस में और परिक्रमा लगा रहे तीर्थ यात्रियों के साथ फूलों की होली खेली। प्राचार्य अशोक कुमार शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम

### खेली फूलों की होली

अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट, पीटीआई दिलीप यादव ने महंत रामदास शुक्ला महाराज का स्वागत किया। छात्र–छात्राओं नेकुसुम सरोवर के घाटों पर सफाई कार्य किया। द्वितीय बौद्धिक सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट ने स्वयंसेवकों को कुसुम सरोवर की महत्ता के बारे में अवगत कराया। अंग्रेजी प्राध्यापिका मोनिका भारद्वाज ने भजन सुनाए।

# मेगा विधिक सहायता शिविर में उमड़ा जनसैलाब



मेगा विधिक सहायता शिविर का दीप जलाकर शुभारंभ करते जिला जज विकास कुमार।

**यूनिक समय, मथुरा।** रविवार को पांचजन्य प्रेक्षागृह में आयोजित विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं विधिक सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों और प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति और आमजन को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। शिविर में कई विभागों ने अपने–अपने स्टॉल लगाए। निःशुल्क विधिक सहायता, पेंशन योजनाएं, श्रमिक पंजीकरण, घरेलू हिंसा से संबंधित सहायता, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध जागरूकता, स्वास्थ्य योजनाएं और अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। जिला जज विकास कुमार ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और कानूनी सहायता पहुंचाना है। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि ऐसे शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि आमजन को भटकना न पड़े। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कानून–व्यवस्था एवं महिला सुरक्षा से संबंधित जानकारी साझा की।

# टीकाकरण अभियान के बीच स्वास्थ्य विभाग सतर्क



बच्चों को दवा देती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में चल रहे खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान के बीच खसरा के 20 से 22 बच्चों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। सभी प्रभावित बच्चों का उपचार स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में किया जा रहा है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रोहितास सिंह ने बताया कि संक्रमित बच्चों की पहचान होते ही चिकित्सा टीम सक्रिय हो गई। सभी को आवश्यक दवाएं दी जा रही हैं और उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। परिजनों को भी सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि खसरा एक संक्रामक बीमारी है, जो तेजी से फैल सकती है। ऐसे में समय पर टीकाकरण और सतर्कता बेहद जरूरी है। डॉ. रोहताश ने बताया कि खसरा को देखते हुए पहले 1 साल से लेकर 5 साल तक के बच्चों को दवा दी जाती थी अब सरकार ने एक साल से लेकर 10 साल

### खसरा के 20 से 22 बच्चों का उपचार जारी

तक के बच्चों को ये दवा दी जा रही है। अब तक इन 6 दिनों में जिले के करीब 48797 बच्चों को दवा दी जा चुकी है।

प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है तथा संपर्क में आए अन्य बच्चों की भी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे में तेज बुखार, शरीर पर लाल दाने या कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें।

स्थिति नियंत्रण में है और घबराने की आवश्यकता नहीं है। टीकाकरण अभियान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चलाया जा रहा है, ताकि आगे संक्रमण की संभावना को रोका जा सकें। यह अभियान 28 फरवरी तक चलाया जाएगा।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जायेगा काशी विश्वनाथ धाम गुलाल

# रंगभरनी एकादशी को होगा बाबा विश्वनाथ को अर्पित

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि से रंगभरी एकादशी को होली महोत्सव के लिए काशी विश्वनाथ धाम वाराणसी गुलाल यात्रा जायेगी।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि की परंपरागत रंगारंग लठामार होली, पुष्प होली एवं गुलाल होली करोड़ों–करोड़ कृष्ण–भक्तों के आकर्षक का केन्द्र है, वहीं नील गुलाल, पुष्प और भस्म की होली काशी विश्वनाथ धाम में शिव भक्तों को आनन्दित करती है। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को

### हरिनाम संकीर्तन एवं मंगल ध्वनि के मध्य प्रांगण में भ्रमण कर वाहन से काशी विश्वनाथ धाम जाएंगे

रंगभरी एकादशी पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि एवं कृष्ण भक्तों की ओर से सवा मन गुजिया प्रसाद, गुलाल, नील गुलाल, फल, पुष्प काशी विश्वनाथ धाम भेजे जायेंगे। यह प्रथम वार होगा कि ब्रज के ग्वाल–गोपी काशी विश्वनाथ धाम के प्रांगण में ब्रज की पुष्प होली, गुलाल होली से बाबा के धाम को आनन्दित करेंगे। 26 फरवरी की प्रातः 10:00 बजे ठाकुर श्रीकेशवदेवजी विराजमान श्रीकृष्ण जन्मभूमि से गुलाल यात्रा हरिनाम संकीर्तन एवं मंगल ध्वनि के मध्य प्रांगण में भ्रमण कर वाहन से काशी विश्वनाथ धाम, वाराणसी रवाना होगी। 27 फरवरी रंगभरी एकादशी के दिन श्रीकृष्ण जन्मभूमि से यात्रा में सम्मलित पूजाचार्य, भक्तजन एवं रसिक कलाकार काशी विश्वनाथ धाम में बाबा को प्रसाद एवं गुलाल अर्पित करने के उपरान्त, ब्रज के फाग का धमाल बाबा विश्वनाथ के धाम में मचाकर भक्तों को अलौकिक आनन्द की अनुभूति करायेंगे।

### प्रमुख मार्गों पर अस्थाई चिकित्सा शिविर और एम्बुलेंस

**यूनिक समय, वृंदावन।** जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि होली के त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए विकास प्राधिकरण, जिला प्रशासन, नगर निगम, तीर्थ विकास परिषद,पुलिस विभाग के अधिकारी, मंदिर के सेवायत, इस्कॉन मंदिर तथा राधा–रानी मंदिरों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मंदिर परिसर और आसपास के प्रमुख मार्गों पर अस्थायी चिकित्सा शिविर स्थापित किए जाएंगे। एंबुलेंस और चिकित्सकीय टीमों की तैनाती की जाएगी ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके। मंदिर परिसर के भीतर सुरक्षा बलों की विशेष ड्यूटी लगाई जाएगी।

# राजकीय बालगृह में हुई अनसुरक्षित स्पर्श कार्यशाला



राजकीय बाल ग्रह शिशु में कार्यशाला के दौरान बच्चों को जानकारी देती स्वयं सेविका हर्षिता और राखी।

**यूनिक समय, मथुरा।** सिविल लाइन स्थित राजकीय बाल गृह शिशु में बचपन सेवा द इनोसेंस टीम ने अनसुरक्षित स्पर्श पर कार्यशाला का आयोजन किया। टीम का नेतृत्व कर रहे तेजस्व कुलश्रेष्ठ ने बच्चों को बाल यौन शोषण से बचाव हेतु शारीरिक नियमों के साथ–साथ सुरक्षा और आपात कालीन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श की पहचान करना व स्पष्ट रूप से न कहने को कहा गया। इसके साथ ही तुरंत सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में समझाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय :- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। मो. 9837155888 E-mail : newsuniquesamay@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053